34 वां स्थापना वर्ष

समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-311 | रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

फर्स्ट कालम

जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए ऊर्जा-कुशलता जरूरी : राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की जरूरत है। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक कार्यकारी इंजीनियरों (2022 और 2023 बैच) के एक समूह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इंजीनियरों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा इंजीनियरों के रूप में वे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से भली भांति अवगत हैं, इसलिए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की आवश्यकता है।

गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी पहली बार साथ आए

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गौतम अडाणी की अडाणी पावर से मध्यप्रदेश पावर प्रोजेक्ट में 26% हिस्सेदारी खरीदी है। इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्लांट की 500 मेगावाट बिजली का खुद इस्तेमाल (कैप्टिव यूज) करने के लिए एक एग्रीमेंट साइन किया है। यह पहला मौका है जब दो कॉम्पिटिटिव बिलेनियर इंडस्ट्रियलिस्ट के बीच किसी तरह की पार्टनरशिप हुई है। दोनों कंपनियों ने अलग-अलग स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसके बारे में जानकारी दी है।

बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट का एक साजिशकर्ता गिरफ्तार

बेंगलुरू। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट की जांच कर रही नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी टीम ने गुरुवार 28 मार्च को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान मुजम्मिल शरीफ के रूप में हुई है। जांच एजेंसी के मुताबिक, मुजम्मिल ने ब्लास्ट के दो मुख्य आरोपियों मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा को ब्लास्ट से जुड़ा सामान मुहैया कराया था। ये दोनों आरोपी अभी पकड़े नहीं गए हैं।

पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को 20 साल की सजा

नई दिल्ली। गुजरात के पालनपुर सेशन कोर्ट ने पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को एनडीपीएस मामले में गुरुवार (28 मार्च) को 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने एक दिन पहले 27 मार्च को 1996 के ड्रग्स प्लांटिंग मामले में पूर्व आईपीएस को दोषी करार दिया था। संजीव भट्ट ने 1996 में एसपी पद पर रहते हुए एक वकील को ड्रग्स के झूठे मामले में फंसाया था। गुजरात सीआईडी ने 5 सितंबर 2018 को इस मामले में भट्ट को गिरफ्तार किया था।

बांग्लादेश में भारतीय सामानों के बहिष्कार के खिलाफ पीएम हसीना

ढाका। बांग्लादेश में विपक्षी पार्टियों के कथित 'इंडिया आउट' कैंपेन को लेकर वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चुप्पी तोड़ी है। मंगलवार को बांग्लादेश के तेजगांव में आवामी लीग के पार्टी ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान हसीना ने विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा- उनकी (विपक्षी नेता) पत्नियों के पास कितनी भारतीय साड़ियां हैं? जब वो लोग अपने पार्टी ऑफिस के बाहर अपनी बीवियों की साड़ियां जलाएंगे, तभी ये साबित होगा कि वो भारत में बनी चीजों का बॉयकॉट कर रहे हैं।

ब्रिटेन में मंदिरों की सुरक्षा बढ़ेगी, सुनक 50 करोड़ देंगे

नई दिल्ली। ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है। ब्रिटिश सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कोर्ट में खुद पैरवी की, कहा- क्या गिरफ्तारी के लिए 4 बयान काफी हैं

अरविंद केजरीवाल की ईडी कस्टडी 1 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली (ए)। शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी कस्टडी 4 दिन और बढ़ा दी है। अब वे 1 अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे। इससे पहले कोर्ट में 39 मिनट सुनवाई चली। केजरीवाल ने खुद अपने केस की पैरवी की। वे ऐसा करने वाले देश के पहले सीटिंग सीएम बन गए हैं।

ईडी ने कोर्ट से केजरीवाल की 7 दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट में सुनवाई दोपहर 1.59 बजे शुरू होकर दोपहर 2.39 बजे खत्म हुई। सीएम केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। 4 स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये 4 स्टेटमेंट एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं? इसके जवाब में ईडी ने कहा कि मुख्यमंत्री कानून से ऊपर नहीं हैं। वहीं, कोर्ट में पेशी के लिए जाते वक्त उनसे पूछा गया कि एलजी ने कहा था कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा कि ये पॉलिटिकल षड्यंत्र है, जनता इसका जवाब देगी।

दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल याचिका क्या थी : सुरजीत सिंह यादव ने जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा था कि जेल से भी केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। इससे न्यायालय में चल रहा मामला प्रभावित होगा। इससे दिल्ली की संवैधानिक मशीनरी भी तबाह हो जाएगी।

याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के कमेंट : जो आप कह रहे हैं, उसके लिए कोई कानून या नियम है। हमें बताइए। क्या ऐसा कोई प्रतिबंध है, जो आप हमें बता सकें। ऐसी कोई भी चीज कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर नहीं रह सकते हैं?

आपको हमें बताना होगा कि ऐसा कोई नियम है, कोई प्रतिबंध है, जो केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद पर रहने से रोकता हो। इस मामले में अगर कोई संवैधानिक विफलता होती है तो राष्ट्रपति या फिर एलजी इस पर कदम उठाएंगे।

क्या इस मामले में किसी तरह के न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश है? हमने आज का अखबार पढ़ा। एलजी इस मामले को देख रहे हैं। इसके बाद यह मामला राष्ट्रपति के पास जाएगा। हम मानते हैं कि कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हो सकती हैं। हम इस पर कोई आदेश क्यों जारी करें? हमें राष्ट्रपति या एलजी को कोई निर्देश देने की जरूरत नहीं है। कार्यपालिका राष्ट्रपति शासन लागू करती है। उन्हें निर्देश देना हमारा काम नहीं है। हम इसमें दखलंदाजी कैसे कर सकते हैं? हमें विश्वास है कि कार्यपालिका इस पूरे मामले को देख रही है। कुछ वक्त लग सकता है, लेकिन वो फैसला जरूर कर लेंगे। आज की तारीख में कोई कानूनी प्रतिबंध नहीं है। हमें राजनीति में नहीं उतरना चाहिए। राजनीतिक पार्टियां इसे देखेंगीं। ये जनता के बीच होगा। यह हमारा काम नहीं है। न्यायिक दखलंदाजी की इसमें कोई गुंजाइश नहीं है। ये अब दूसरे लोगों का मामला है।

सीएम केजरीवाल की तबीयत ठीक नहीं : पत्नी सुनीता

इस बीच केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि उनकी हेल्थ ठीक नहीं है। आपके मुख्यमंत्री को बहुत तंग किया जा रहा है। जनता जवाब देगी। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को कोर्ट ने 7 दिन की कस्टडी में भेजा था। आज उनकी कस्टडी समाप्त होने वाली थी। इस पर ईडी ने उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया।

केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति 2021-2022 में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में फंसे आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि इस मामले की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। किसान एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली निवासी याचिकाकर्ता श्री यादव ने अपनी याचिका में दावा किया कि वित्तीय घोटाले के कथित आरोपी श्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद (सार्वजनिक पद) पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। श्री केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल उसकी हिरासत में हैं। 27 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को राहत देने से इनकार कर दिया। मामले पर अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी।

पहली तारीख को ही दे देंगे महतारी वंदन योजना की राशि : सीएम साय

भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया था

समवेत शिखर संवाददाता

डोंडीलोहारा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के डोंडीलोहारा में बड़ी बात कही. महतारी वंदन योजना के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में हर महीने महतारियों को एक हजार रूपये देने का वादा था. जिसके अंतर्गत हमने प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहली किश्त जारी की. उन्होंने कहा मैं यहाँ की माताओं-बहनों को बता देना चाहता हूँ कि अब पहले सप्ताह में नहीं, पहली तारीख में ही महतारी वंदन योजना की राशि जारी कर देगी हमारी सरकार।

वे यहाँ एक विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे. उन्होंने कांग्रेस पर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 5 साल में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाले की सारी हदें पार कर दी थी. शराब घोटाला किया, जिसके दो काउंटर थे. एक काउंटर का पैसा कांग्रेस सरकार के खाते में और दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया-राहुल के खाते में जाता था. भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया था.

भूपेश बघेल को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महादेव सट्टा एप बंद न हो, चलता रहे इसके लिए भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा है. जिस पर एफआईआर भी दर्ज हुई है. ये छत्तीसगढ़ के लिए कितनी शर्म की बात है. कांग्रेस सरकार ने महादेव सट्टा एप से प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि मोदी जी ने 10 साल में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। मोदी सरकार सदैव गरीबों के लिए समर्पित रही है। मुख्यमंत्री बोले कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका है इसलिए प्रभु राम हम सबके भांचा हैं. भव्य राम मंदिर के निर्माण से पूरे छत्तीसगढ़ वासी खुश हैं और गौरवान्वित हैं. मोदी जी ने पूरी दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ाया। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं.

फिर लगा भाजपा प्रवेश के लिए कांग्रेसियों का मेला : आज की विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कांग्रेसियों के भाजपा प्रवेश से बेहद उत्साहित दिखे। डोंडीलोहारा क्षेत्र के 30 सरपंचों के साथ हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के भाजपा प्रवेश पर मुख्यमंत्री ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी एक डूबता हुआ जहाज है। यहाँ तक कांग्रेस पार्टी को प्रत्याशी भी नहीं मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अपने तूफानी चुनावी सभाओं के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अब तक 3 हजार से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाजपा प्रवेश किया है. अभी कल ही जगदलपुर की शहर सरकार में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहाँ कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू अपने एमआईसी सदस्यों के साथ भाजपा प्रवेश कर गईं और यहाँ नगरीय निकाय में भाजपा का परचम लहराने लगा।

दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति : मोदी

सीजेआई को वकीलों की चिट्ठी पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई वकीलों द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखे जाने के संबंध में कहा कि दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। 5 दशक पहले ही उन्होंने प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

आपको बता दें कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा सहित लगभग 600 वकीलों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर एक ÷विशिष्ट हित समूह÷ के कार्यों के खिलाफ चिंता जताई है, उन्होंने कहा, न्यायपालिका की छवि धूमिल हो रही है। सीजेआई को संबोधित पत्र में कहा गया है कि एक ÷विशेष समूह न्यायिक परिणामों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, खासकर राजनीतिक हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में। उन्होंने हित समूह पर न्यायाधीशों और अदालत के बारे में झूठी कहानी गढ़ने का आरोप लगाया है। वकीलों ने समूह पर बेंच फिक्सिंग, घरेलू अदालतों की तुलना अराजक शासन वाले लोगों से करने और न्यायाधीशों के सम्मान पर हमले का भी आरोप लगाया है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी 88 सीटों पर होगा चुनाव

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी इसी चरण में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

मनरेगा की नई दरें, यूपी-उत्तराखंड में महज 7 रुपए बढ़े : राहुल गांधी

कहा- 'इंडिया' गठबंधन की सरकार पहले दिन ही मजदूरी 400 रुपए करेगी

नई दिल्ली (ए)। सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मजदूरों को दी जाने वाली मजदूरी बढ़ा दी है। केंद्र ने कई राज्यों में 4 से 10% तक मजदूरी में बढ़ोतरी की है। बदली हुई मजदूरी की दरें 1 अप्रैल से लागू हो जाएंगी।

नोटिफिकेशन के मुताबिक सबसे ज्यादा मजदूरी 34 रुपए गोवा में बढ़ाई गई है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सबसे कम 7 रुपए मजदूरी बढ़ी है। सबसे ज्यादा मजदूरी हरियाणा में 374 रुपए और सबसे कम मजदूरी 234 रुपए अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में है। इधर, राहुल गांधी ने मनरेगा मजदूरी में बढ़त को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए ङ्क पर लिखा- मनरेगा मजदूरों को बधाई। पीएम ने मेहनताना 7 रुपए बढ़ा दिया है। अब शायद वे पूछें- क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का?

राहुल ने मजदूरी की दरों में हुए मामूली बदलाव को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि मनरेगा श्रमिकों को बधाई। प्रधानमंत्री ने आपका मेहनताना 7 रुपए बढ़ा दिया है। अब शायद वह आपसे पूछें- क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का। और 700 करोड़ खर्च कर आपके नाम पर 'धन्यवाद मोदी' का अभियान भी शुरू कर दें। जो मोदी जी की इस अपार उदारता से नाराज हैं, वो याद रखें - 'इंडिया' की सरकार पहले दिन हर मजदूर का मेहनताना बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करने वाली है।

अभिनेता गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

मुंबई (ए)। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। वे गुरुवार (28 मार्च) शाम करीब 5 बजे सीएम शिंदे के साथ मुंबई स्थित शिवसेना ऑफिस पहुंचे। इसके थोड़ी देर बाद उन्होंने पार्टी प्रवेश कर लिया।

शिवसेना में प्रवेश करने के बाद गोविंदा ने कहा कि मैं 2004 से 2009 तक राजनीति में था। ये संयोग है कि 14 साल बाद मैं फिर से राजनीति में आया हूं। मुझ पर जो विश्वास किया गया है, मैं उसे पूरी तरह से निभाऊंगा। शिवसेना गोविंदा को मुंबई की नॉर्थ-वेस्ट लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। यहां से उद्धव गुट की शिवसेना ने अमोल कीर्तिकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। गोविंदा ने 27 मार्च को पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े के साथ मीटिंग की थी।

ईडी के सामने पेश नहीं होंगी महुआ मोइत्रा

एजेंसी से कहा- चुनाव प्रचार करने जा रही हूं पहले भी 2 समन का जवाब नहीं दिया

नई दिल्ली (ए)। कैश फॉर क्वेरी केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को 28 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था; लेकिन उन्होंने जांच एजेंसी से कहा है कि वे आज अपने लोकसभा क्षेत्र कृष्णानगर में चुनाव प्रचार में शामिल हो रही हैं, जिसके कारण वे ईडी के सामने पेश नहीं होंगी। जांच एजेंसी इससे पहले भी मोइत्रा को दो बार समन भेज चुकी है, लेकिन वे पहले भी अपने आधिकारिक काम का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। ईडी उनसे विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में पूछताछ करना चाहती है। उनके बयान के बाद कुछ फॉरेन ट्राजैक्शन और एक एनआरआई खाते से जुड़े लेनदेन भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। महुआ के अलावा ईडी ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को भी समन जारी कर आज पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पहले दर्शन के पिता निरंजन हीरानंदानी मुंबई में एजेंसी के सामने पेश हुए थे।

महिला अत्याचार रोकने में विफल रही भाजपा सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछे गए थे और उम्मीद की जा रही थी कि महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी सवालों का जवाब देंगी लेकिन वह जवाब देने से बचती रही हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद थी कि देश की महिला-बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी एक प्रेस वार्ता करके अपने विभाग का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगी। स्मृति ईरानी इससे बचती रहीं लेकिन हमने अब उनकी जवाबदेही तय करने की ठानी है।

जरूरत पड़ने पर अग्निपथ योजना में सुधार के लिए तैयार है सरकार : राजनाथ



नई दिल्ली (ए)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार करने के लिए तैयार है।

श्री सिंह ने गुरूवार को एक निजी टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में अग्निवीरों से जुड़े सवाल पर कहा , ÷ इस सवाल का कोई औचित्य नहीं है। यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए। हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है। लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है।

सुरक्षा >> **इसमें एडवांस्ड रडार और सेल्फ डिफेंस की क्षमता**

तेजस के एडवांस वर्जन मार्क-1ए विमान की पहली टेस्ट फ्लाइट, वायुसेना ने 83 प्लेन का ऑर्डर दिया

बेंगलुरु (ए)। देश में बने फाइटर जेट तेजस के एडवांस्ड वर्जन मार्क 1ए के पहले एयरक्राफ्ट की टेस्ट फ्लाइट कामयाब रही है। इस सीरीज के पहले एयरक्राफ्ट LAz033 ने बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सेंटर में 15 मिनट की फ्लाइट ली।

तेजस का पिछला वर्जन मार्क 1ए पहले ही वायुसेना में शामिल हो चुका है। नए वर्जन में एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार, एडवांस्ड बियॉन्ड-विजुअल रेंज मिसाइल और हमले से खुद को बचाने की क्षमता है। बेंगलुरु में एचएएल के फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट के चीफ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन (रिटायर्ड) केके वेणुगोपाल ने नए वर्जन की टेस्ट फ्लाइट ली। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने एडवांस्ड वर्जन को डेवलप किया है। एचएएल इसका निर्माण कर रहा है। एचएएल को 2021 में भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए बनाने के लिए 46,898 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। कंपनी के पास मार्च 2024-फरवरी 2028 तक 83 एयरक्राफ्ट की डिलीवरी करने का समय है। इससे पहले एचएएल को 8,802 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट के तहत 40 तेजस एमके-1 का ऑर्डर मिला था। इसमें से 32 सिंगल-सीट एलसीए फाइटर्स और दो डबल सीट ट्रेनर की डिलीवरी हो गई है। 6 डबल सीट ट्रेनर की डिलीवरी बाकी है। नवंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी, जिसके बाद फाइटर एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट को बढ़ावा मिला। एचएएल ने भी इसके निर्माण में तेजी कर दी है।

एमआईजी सीरीज के विमानों को रिप्लेस करेगा एलसीए मार्क-1ए एयरक्राफ्ट

भारतीय वायुसेना तेजस के एलसीए वैरिएंट से अपनी मौजूदा एमआईजी सीरीज के विमानों को बदलने की तैयारी में है। एलसीए मार्क-1ए विमान एमआईजी -21, एमआईजी -23 और एमआईजी -27 को रिप्लेस करेगा। एलसी मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। एलसीए मार्क-1ए को एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता और मेक-इन-इंडिया की तरफ बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वदेशी तेजस मार्क-1ए को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है।

►► न्यूज ब्रीफ

कुथरेल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जयंती मनाई गई

भिलाईनगर। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अन्तर्गत ग्राम कुथरेल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गिरधारी दास मानिकपुरी के 100वें जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जन्म शताब्दी कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जहां स्व गिरधारी दास मानिकपुरी, स्व. तिलोचन सिंह साहू, स्व. लखन लाल चंद्राकर, स्व. बुधराम साहू, स्व. कन्हैया लाल साहू आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश के प्रति उनकी सेवाओं को स्मरण कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। राष्ट्र के लिए उनके योगदान कोक भी नहीं भुलाया जा सकेगा। इस अवसर पर जितेंद्र साहू, लोमश चंद्राकर, प्रमोद साहू, नरेन्द्रदास मानिकपुरी, पेमेंद्रदास मानिकपुरी, भीमेंद्रदास मानिकपुरी, श्रवण चंद्राकर, पूर्णिमा मानिकपुरी, मोहमी मानिकपुरी, हीरा मानिकपुरी, इन्दु मानिकपुरी, चांदनी मानिकपुरी, शांति मानिकपुरी, निर्मला मानिकपुरी, रूपा मानिकपुरी, गंगा मानिकपुरी व परिवार जन व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

इंटक की 44वीं कार्यसमिति बैठक 31 को भिलाई में

भिलाईनगर। लोकसभा चुनाव से पहले कर्मचारी यूनियन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की एक अहम बैठक होने जा रही है। सीजी इंटक के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, सभी कार्य समिति सदस्य शामिल होने जा रहे हैं।स्टेट इंटक छत्तीसगढ़ की 44वीं कार्यसमिति बैठक 31 मार्च 2024 को होनी है। सेक्टर 4 स्थित एसएनजी विद्या भवन ऑडिटोरियम में डॉ. संजय कुमार सिंह-राष्ट्रीय महासचिव (इंटक) एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में बैठक में महामंथन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ इंटक के जनरल सेक्रेटरी आशीष यादव ने बताया कि रूटीन मीटिंग है। हर 3-4 माह में कार्यकारिणी की बैठक होती है। श्रमिकों से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किया जाएगा। संगठन को मजबूत करने पर फोकस होगा। लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया जाएगा। प्रदेश भर से श्रमिक नेता जुटेंगे और संवाद होगा। मीटिंग के एजेंडा में पिछली कार्यसमिति बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि, लेवी, भुगतान राज्य और केंद्र, संघ की सदस्यता एवं नए संघ का गठन,विभिन्न कानूनों में हालिया संशोधनों पर चर्चा, संगठनात्मक मामले अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य विषय पर चर्चा होगी।

जप्त नकदी को अवमुक्त करने एवं शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान जप्त की गई नकदी इत्यादि को अवमुक्त करने के लिए तथा इस संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समिति गठित की गई है। समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, नोडल अधिकारी ईईएम, सहायक नोडल अधिकारी ईईएम और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार समिति, पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ता द्वारा की गई जप्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जांच करेगी। समिति द्वारा यह पाया जाता है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जप्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी/शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जप्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जप्त की गई थी। ऐसी नकदी रिलीज के बारे में स्पीकिंग आदेश जारी करने के पश्चात् रिलीज आदेश करने के लिए तत्काल कदम उठायेगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जप्ती पर निर्णय लेंगी।

पांच अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

राजनांदगांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए अधिसूचना का प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज कलेक्टोरेट राजनांदगांव पहुंचकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इनमें निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पांडे, निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल शामिल हैं।

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए शत्-प्रतिशत् मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम अरविन्द एक्का एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा निगम अधिकारी व कर्मचारियां सहित लोगों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाई गई।

इसी कड़ी में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार प्रफ्रफुल्ल गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता आरके पालिया, जितेंद्र समैया, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के अलावा समस्त निगम अधिकारी कर्मचारियों ने रैली के दौरान कर्मियों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़े हुए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे हुए थे। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागों प्यारे मतदाता। जन-जन की पुकार हैं। वोट देना हमारा अधिकार है। वोट डालने जाना हैं का उद्घोष किया। जिसके तहत निगम सीमा क्षेत्र में पैदल रैली का आयोजन किया गया। निगम कार्यालय से गांधी प्रतिमा से होते हुए न्यू बस स्टैंड होकर चर्च के सामने से रविशंकर स्टेडियम में रैली पहुंची। जहां वाहनों को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनों से बनाया गया आकृति आकर्षण का केंद्र रहा। मतदाता जागरूकता के लिए इसी कड़ी में दुर्ग निगम में मतदाता जागरूकता के लिए विशाल पैदल रैली निकाली गई। शहर की प्रमुख सड़कों से निकली रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत् मतदान करने प्रेरित किया गया। मतदान के प्रति अपनी आस्था रखते हुए मताधिकार का निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण उपयोग करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अपने मताधिकार का निश्चिंत रूप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निगम के कर्मियों एवं लोगों को एक वोट का महत्व बताते हुए सभी को वोट देने हेतु प्रेरणा स्वरूप संदेश का वाचन किया गया।

आईजी ने अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेंज स्तरीय मीटिंग कर लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने का निर्देश दिया है। आईजी ने अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी, बदमाशों की नियमित चेकिंग, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा शराब तस्करों पर पैनी निगाह रख कार्यवाही करने, वारंट अभियान में और भी तेजी लाने, पुरानी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने एवं उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के लंबित याचिकाओं सहित निर्देशों का समय पर पालन करने, शिकायतों एवम लंबित मामले की थानावार समीक्षा कर त्वरित निराकरण के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए सभी अधिकारीगण, वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संपर्क व तालमेल बनाए रखने कहा। आईजी ने कहा कि सभी अधिकारी आपस में सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान करते रहें। किसी भी तरह के अपराध की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करें। आईजी ने आपराधिक मामलों के वांछित दोषियों की धरपकड़ के लिए गंभीरता से हर संभव कार्रवाई अमल में लाई जाए।ने अपराध विवेचना में दक्षता लाने तथा त्रिनयन एप का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने के सभी को निर्देश देते हुए कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए परिस्थितियों के मुताबिक सुरक्षा के हर संभव कदम उठाए जाएं।

ट्रेन के लेटलतीफ होने पर विधायक देवेंद्र यादव कार से बिलासपुर रवाना हुए, विदाई देने पहुंचे हजारों लोग

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से पूर्ण विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशी घोषित किया है।

भिलाई नगर विधायक इस लोक सभा चुनाव में बिलासपुर से सांसद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए आज विधायक देवेंद्र यादव दुर्ग रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन से बिलासपुर जाने के लिए रवाना हुए। इस दौरान अपने विधायक देवेंद्र को बिलासपुर के लिए रवाना करने के लिए हजारों महिलाएं और पुरुष रेलवे स्टेशन पहुंचे। हजारों की संख्या में लोगों ने विधायक का एक ओर जहां उत्साह बढ़ाया, उन पर विश्वास जताया कि उन्होंने जिस तरह से विधानसभा चुनाव जीत कर भिलाई नगर निगम क्षेत्र के जनता के हित और विकास के लिए काम किया है। वैसे ही बिलासपुर सांसद चुनाव जीत कर बिलासपुर क्षेत्र के जनता के हित और विकास के लिए काम करेंगे। इस विश्वास और आशा के साथ लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव को विदाई दी।पुष्पमाला अर्पित किए। कई लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर देवेंद्र के जीत की प्रार्थना कर प्रसाद लेकर पहुंचे। सेकड़ो मुस्लिम भाइयों ने उनके लिए दुआ की। इस दौरान अपने विधायक को दूर जाता देख के कई महिलाओं ने विधायक को विदाई दी। एक समय के लिए पूरा माहौल गमगीन हो गया। सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोग विधायक से मिलकर बिलासपुर रवाना करने पहुंचे। इस दौरान वहां महापौर सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नगर निगम के पार्षद, उपस्थित रहे। बहुत देर तक ट्रेन का इंतजार करने के बाद जब इंटरसिटी ट्रेन समय का रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचा।तब विधायक ने फैसला किया कि वह अब बाय रोड बिलासपुर जाएंगे। फिर वे कार से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। बिलासपुर में आज विधायक देवेंद्र यादव का बिलासपुर में पहला दिन होगा।

पहले दिन सबसे पहले माता का मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर अपने लोकसभा चुनाव के शुरुआत करेंगे। फिर उसके बाद क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं और लोगों से मिलेंगे।

दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान की ली गई शपथ

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी व नोडल स्वीप जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक उम्र के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मतदान के प्रति आस्था रखते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु शपथ ली गई।

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च 2024 को समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित संस्थाओं-ब्राइट मूकबधिर/मानसिक विद्यालय जवाहर नगर दुर्ग, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र एवं रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम जुनवानी दुर्ग तथा आस्था वृद्धाश्रम सेक्टर-02 भिलाई में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिव्यांग छात्र-छात्राओं तथा वृद्धजनों को अपने मताधिकार का निश्चित रुप से उपयोग करने एवं हर वर्ग के लोगों कों मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग जिला दुर्ग के उपसंचालक, अमित परिहार द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं, वृद्धजनो एवं उपस्थित शिक्षकगणों/वृद्धाश्रम प्रबंधको को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए लोकतंत्र की परम्पराओं एवं गरिमा को बनाये रखने की अपील की गई।

कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य राजू राजपूत संजय देशमुख, प्रकाश गेडाम, जन्तराम ठाकुर, अरुण वर्मा, एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं का उमंग साजा अब की बार 50 हजार पार: विजय बघेल

समवेत शिखर संवाददाता

थानखम्हरिया। दुर्ग लोकसभा सीट पर जीत का रिकार्ड बनाने वाला जननायक विजय बघेल को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है सांसद विजय बघेल को रिकार्ड मतो से जीत दिलाकर दिल्ली भेजने कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया है। कल बुधवार को सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में थान खमरिया मंडल में बूथ, शक्तिकेंद्र मंडल सहित कार्यकर्ताओं का बैठक आहूत की गई थी, जिसमें जीत ही नहीं जीत का रिकार्ड बनाने पर कार्ययोजना बनाई गई।

कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि मोदी की गारंटी और कार्यकर्ताओ की कड़ी मेहनत से हम इस बार पिछला रिकार्ड को तोड़कर पुनः नया इतिहास रचेंगे केंद्र के मोदी सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर भाजपा का साथ सबका विकास को समझाने कार्यकर्ताओं का सांसद ने आव्हान किया। बघेल ने आगे कहा की केंद्र सरकार युवा, महिला, गरीब, किसान व्यवसायी, कर्मचारी सबका विकास चाहती है हमारा एक ही संकल्प सबका साथ सबका विकास साजा विधानसभा से आप लोगो ने पिछले बार जीत दिलाई थी उसे अब पचास हजार पार कर मोदी को एक तोहफा दो और आशा ही नही पूर्ण विश्वास से कह रहा हूँ की अबकी बार छत्तीसगढ़ 11 का ग्यारह सीट जीतकर मोदी जी का सपना 400 सौ पार को साकार करेंगे, कार्यकर्ताओ को साजा विधायक ईश्वर साहू ,पुत्री यादव, राजेश ठाकुर, सुरेश सिंघानिया ने भी संबोधित करते हुए रिकार्ड जीत का हुंकार भरा कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने किया उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

साजा विधानसभा क्षेत्र से हम ईश्वर साहू के नेतृत्व में भारी जीत हासिल करेंगे: बघेल

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। भाजपा साजा विधानसभा का मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रामचंद सागर मल धर्म शाला थानखम्हरिया में आयोजित किया गया।

इसमें विशेष रूप से दुर्ग लोकसभा के सांसद एवं लोकसभा दुर्ग प्रत्यासी विजय बघेल ,साजा विधानसभा ईश्वर साहू ,भाजपा थान खमरिया मंडल में भाजपा मंडल के अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष थान खमरिया एवं जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अंजना राजेश ठाकुर बेमेतरा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया भाजपा थान खमरिया मंडल के महामंत्री राजेश ठाकुर भाजपा थान खमरिया मंडल के महामंत्री पूरन कश्यप भाजपा किसान मोर्चा बेमेतरा जिला महामंत्री चंद्रशेखर सिंह राजपूत भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष थानखमरिया आदर्श जोशी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजय पटेलभाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष थान खमरिया नमिता सिन्हा भाजपा पार्षद, विजय शर्मा,संपत तिवारी, संतोष तेली विजय शर्मा,मनीष सेन भाजपा महिला मोर्चा के महामंत्री रेखा शर्मा भारतीय महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शिवानी यादव पूर्व पार्षद रोहित सिंह राजपूत भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री शैलेंद्र शर्मा चेतन निर्मलकर पूरन सिंह परिहार मुकेश सिंघानिया दीपक बंसलसभी भाजपा पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण एवं महिला समूह के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि यहां की तासीर यहां के लोग भाजपा के पक्षधर है। जिसकी वजह से ही विधानसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी ईश्वर साहू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री को पराजयकी धूल चटाई है। इसलिए ईश्वर साहू के नेतृत्व में हम यहां पर शानदार जीत हासिल करेंगे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम: कलेक्टर ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

लोकसभा निर्वाचन 2024 : वृद्धाश्रम में बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया संदेश

समवेत शिखर संवाददाता

कवर्धा। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को तिलक लागकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत श्री राज तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है, अपितु एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करना हमारा मूल कर्तव्य भी है। कलेक्टर श्री महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करना चाहिए।

वृद्धाआश्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान का संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। संविधान द्वारा हमे अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करते हुए स्वतंत, निष्पक्ष रूप से अपने मुखिया का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। युवा देश का भविष्य है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिले के नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।

नेवी की बेसिक ट्रेनिंग पूरी करके घर लौटे अग्निवीर परिजनों के आंखों से छलके खुशी के आंसू

साहू समाज के पदाधिकारियों ने कहा - वीर बेटी पर हमें गर्व है

समवेत शिखर संवाददाता

पाटन। अक्टूबर 2023 में नेवी में प्रदेश के लगभग 300 अग्निवीर चयनित हुए थे। इन बच्चों की बेसिक ट्रेनिंग आईएनएस चिल्का ओड़िसा में थी। चयनित उम्मीदवार 4 महीने की बेसिक ट्रेनिंग के लिए चिल्का गए थे। 4 महीने की बेसिक ट्रेनिंग पूरी करने के बाद गुरुवार को सभी ट्रेन से वापस छत्तीसगढ़ लौटे राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में इन बच्चों का वेलकम करने के लिए छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी के स्टाफ और उनके परिजन भी पहुंचे। परिजन अपने बच्चों से मिलकर काफी खुश हुए। इस दौरान बच्चे और परिजनों के बीच खुशी के आंसू देखने को मिले।

पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कानाकोट निवासी स्व.राजेन्द्र साहू की पुत्री जब अग्नीवीर सेना में भर्ती चयन के बाद ओडिसा एकेडमी नेवी ट्रेनिंग से चार माह बाद घर वापस लौटी तो ? संतोषी साहू की ममता आंसुओं से सैलाब बनकर बहने लगी । पूरे परिवार एवं ग्रामवासी सामाजिक जन एवं परिक्षेत्र जामगांव आर के पदाधिकारी, तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारी की उपस्थिति रही। सभी लोगों ने पिता स्वर्गीय राजेंद्र साहू को याद कर बिटिया को बधाई देते हुए गौरव महसूस किया। सामाजिक जनों ने कहा आज इस बिटिया ने अपने परिवार ग्राम एवं समाज का नाम रोशन किया है। ऐसे वीर बिटिया पर हम सभी को गर्व है। तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष दिनेश साहू , डॉ गुलाब साहू, सरिता साहू, जामगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष रवि शंकर साहू, मनीष साहू,रामनाथ साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, पारखत साहू , बेनीराम साहू, लोकेश साहू , भोजराम साहू, अंजली आनन्द चन्दन , युवराज साहू आदि ने घर पहुंच कर बिटिया को आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामना प्रेषित किया।

घरवालों की इच्छा की पूरी : बेसिक ट्रेनिंग को लेकर दीक्षा साहू ने बताया कि नेवी में सलेक्शन होने के बाद उन्हें काफी अच्छा लगा और घर वाले भी चाहते थे कि हमारी बेटी डिफेंस में जाए। बेसिक ट्रेनिंग करने के दौरान दीक्षा साहू को काफी अच्छी फिलिंग आई घर से दूर रहते हुए भी ट्रेनिंग पूरी की।

न्यूज ब्रीफ

एनएसयूआई द्वारा राष्ट्रीय सचिव के रूप में छत्तीसगढ़ से हनी बागा को मिली बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन हस्द्ध द्वारा आज राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी द्वारा आईसीसी के जनरल सेक्रेटरी के.सी वेणुगोपाल राष्ट्रीय सचिव की सूची जारी की गई इस सूची में छत्तीसगढ़ के छात्र नेता हनी बागा को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया हनी बग्गा लगातार 12 वर्षों से छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं प्रगति कॉलेज में कॉलेज अध्यक्ष 2012 में नियुक्त किया गया 2014 से कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय में छात्र संघ के प्रभारी के रूप में कई वर्षों तक कार्य किया जिसमें उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय चुनाव को हस्द्ध प्रत्याशियों को विश्वविद्यालय चुनाव प्रभारी के रूप में जितवाया एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष के रूप में 5 वर्षों तक कार्य किया अभी लगातार 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे।

रायपुर रेलवे स्टेशन में भड़की आग, प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर मिल्क पार्लर और कैंटीन जलकर खाक; शॉर्ट सर्किट की आशंका

रायपुर। रायपुर रेलवे स्टेशन में गुरुवार देर रात आग लग गई। ये आग प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर भड़की। इस दौरान एक मिल्क पार्लर और कैंटीन पूरी तरह जल गए। फायर ब्रिगेड और जीआरपी की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। जीआरपी थाना प्रभारी एल एस राजपूत ने बताया कि घटना बुधवार देर रात 1 बजकर 10 मिनट की है। रेलवे स्टेशन के बैक साइड प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर स्थित कैंटीन में अचानक धुआं उठने लगा। स्टेशन की पेट्रोलिंग टीम जब मौके पर पहुंची, तो कैंटीन से आग की तेज लपटें उठ रहीं थी। कैंटीन में कार्टन और सामान होने की वजह से आग तेजी से फैलने लगी। बगल में स्थित मिल्क पार्लर भी आग की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद जीआरपी की टीम ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

महानदी के किनारे अवैध शराब के ठिकाने पुलिस को देख नदी में आरोपियों ने लगा दी छलांग, 2 लाख का महुआ जब्त

रायपुर। रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने महानदी के किनारे अवैध शराब के ठिकाने पर छापामार कार्रवाई की है। पुलिस को आता देख शराब बना रहे लोगों ने नदी में छलांग लगा दी। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने मौके से 2 लाख का महुआ और शराब बनाने का सामान जब्त किया है। दरअसल, मुखबिर से सूचना मिली थी कि महानदी के किनारे चिखली गांव में कुछ लोग महुआ शराब बना रहे हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस बुधवार रात करीब 8 बजे रवाना हुई। पुलिस जब हीरा नार नाला की ओर बढ़ी तभी आरोपियों को भनक लग गई। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर आरोपी वहां से भाग गए। कुछ आरोपियों ने नदी में छलांग लगा दी, तो कुछ अंधेरे का फायदा उठाकर सुनसान खेत की ओर भाग गए। पुलिस ने 1हजार 365 लीटर महुआ शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 2 लाख 5 हजार रुपए बताई जा रही है।

ट्रांसपोर्टर के सूने मकान में चोरी करने वाला पकड़ाया

रायपुर। रायपुर में एक ट्रांसपोर्टर के सूने मकान में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। परिवार होली मनाने गांव गया था। तभी चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा। आलमारी के लॉकर में रखे नगद पैसे लेकर भाग गया था। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पवन विहार कॉलोनी का है। रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने थाने में स्द्धकदर्ज कराई थी कि अपने परिवार के साथ 26 मार्च को होली में मनाने फसा बहार जशपुर गए थे। 27 मार्च को पड़ोसी ने फोन पर बताया कि उनके घर का ताला खुला हुआ है, तो परिवार वापस रायपुर आया। रविंद्र ने देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा हुआ है। इसके अलावा आलमारी में स्टील के डब्बे में रखे 72 हजार रुपये कैश गायब थे। जिसके बाद उन्होंने राजेंद्र नगर थाने जाकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान एक संदिग्ध आरोपी मंगल साहू को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के पास से पुलिस को 72 हजार रुपये कैश मिले। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने पैसे को राजेंद्र नगर के ट्रांसपोर्टर के घर से चोरी करना स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मंगल साहू को गिरफ्तार कर लिया।

कलेक्टर डॉ. गौरव ने कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

राजधानी के चार स्थानों पर एक साथ 3 वाहनों की चार्जिंग की सुविधा

शहर में 10 नये चार्जिंग स्टेशन की भी तैयारी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के चार स्थलों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की गई है। कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित स्टेशन का आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निरीक्षण कर विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। इन इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन से चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को राह चलते चार्ज करना आसान है एवं इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। मल्टीलेवल पार्किंग में तीन चार्जिंग प्वाइंट होने से न्यूनतम दर पर एक ही समय में एक साथ 03 वाहनों की चार्जिंग की सुविधा मिल रही है।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में किफायती व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा रायपुर शहर के 04 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने आज कलेक्टोरेट स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचकर नागरिकों को मिल रही सुविधा का विस्तार से जायजा लिया। चार्जिंग स्टेशन में एक साथ 03 चार पहिया वाहनों के चार्जिंग की सुविधा है, जहां पर 45 मिनट से भी कम समय में वाहन की फुल चार्जिंग की व्यवस्था है। ज्ञात हो इन चार्जिंग स्टेशन की कैपेसिटी 142 (606042) किलोवाट है। सभी फास्ट एवं एसी चार्जर है। इसके अलावा जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग, आई.एस.बी.टी. परिसर एवं नगर निगम मुख्यालय में भी इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन संचालित है। सभी स्टेशनों पर 3 गन वाले चार्जर स्थापित किए गए हैं। चार्जिंग स्टेशन पर वाहन मालिक से प्रति यूनिट 18 रुपए का शुल्क निर्धारित है।

निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि रायपुर नगर निगम द्वारा इंडियन आयल कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर शहर में चार्जिंग स्टेशन के 10 नये चार्जिंग नेटवर्क की तैयारी भी की जा चुकी है, जिसके तहत सुभाष स्टेडियम, रायपुर स्मार्ट सिटी ऑफिस परिसर, जवाहर बाजार पार्किंग परिसर, लक्ष्मी कपड़ा मार्केट पंडरी, सेंट्रल लाईब्रेरी के पास, जोन 10 कार्यालय, एलआईसी हाउसिंग शंकर नगर, अनुपम नगर गार्डन, गांधी उद्यान पार्किंग और आमानाका के पास चार्जिंग स्टेशन तैयार हो रहे हैं, जिसकी सुविधा भी इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को शीघ्र मिलेगी।

कलेक्टर-एसएसपी ने धरसींवा, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्र का किया अवलोकन

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी श्री संतोष सिंह ने आज धरसींवा विधानसभा के धरसींवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा के सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय में स्थित स्ट्रांग रूम और धरसींवा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से पानी, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने बलौदा-बाजार विधानसभा के रायपुर जिले में आने वाले मतदान केन्द्रों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा संबंधी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। इस अवसर पर तिल्दा तहसीलदार श्रीमती ज्योति मशियारे, जनपद सीईओ श्री विवके गोस्वामी उपस्थित थे।

कलेक्टर, एसएसपी ने विद्यार्थियों से पूछा सवाल, सही उत्तर देने पर की सराहना

ग्राम चिचोली के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के अध्ययनरत बच्चों के बीच पहुंचे

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी प्रपुल्लित हो उठे जब कलेक्टर एवं एसएसपी को उनके बीच पहुंचे शिक्षक की भूमिका में। कलेक्टर एवं एसएसपी, खरोरा तहसील के ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में गये थे। तभी उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को पढ़ाई करते देख वे कक्षा में उनके बीच पहुंचे, पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, सहीं जवाब देने पर सराहना भी की। कलेक्टर को बच्चों ने दिनों के नाम, माह का नाम ब्लॉक, ज़िला के अलावा देश प्रदेश के नाम हिन्दी और अंग्रेज़ी में बताये। उन्होंने कक्षा आठवीं के छात्रों से पूछा कि गोलाई और वृत्त में क्या अंतर है। कलेक्टर ने इस संबंध में उन्हें जानकारी भी दी। एसएसपी श्री सिंह ने पूछा कि ग्लोब गोलाई हैं या वृत्त बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया। इस पर एसएसपी ने उनकी सराहना की।

कलेक्टर, एसएसपी ने मध्यान्ह भोजन चखकर जानी गुणवत्ता

रायपुर। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह ने आज शासकीय प्राथमिक शाला एवं आँगन बाड़ी केंद्र चिचोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चिचोली के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन खाकर मीड डे मील में मिलने वाले भोजन गुणवत्ता जाँची। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूरक पोषण आहार एवं नाश्तें की जानकारी ली।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर सामूहिक सामायिक 12 अप्रैल को

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति-2024 अंतर्गत भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक निमित्त रायपुर सकल जैन समाज के सभी संघों द्वारा अपनी-अपनी परम्परा/मान्यता अनुसार सामायिक की आराधना 12 अप्रैल को जैन दादाबाड़ी में सुबह 8:55 से 9:55 बजे तक सामूहिक रूप की जायेगी। इसकी रुपरेखा निर्धारण व व्यवस्था को ध्यानार्थ करते हुए बैठक 27 मार्च को आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा,महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणोत, एवं लोकेश चंद्रकांत जैन, महावीर कोचर, विकास धाड़ीवाल, सिध्दार्थ डागा, गौरव दुगड़, आशीष जैन, जितेंद्र गोलछा (सुधर्म), राजेश रज्जन जैन, प्रणीत जैन, नेहा श्रीश्रीमाल, शोभा गोलछा, संध्या जैन, पुष्पा कोचर, शारदा बोथरा, श्रीकांता ढेलडिया उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा कर प्रभार वितरण किया गया। अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोलछा ने बताया की यह सामूहिक सकल जैन समाज सामायिक कार्यक्रम विगत 5 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। रायपुर से सकल जैन समाज एक ही जगह उपस्थित होकर सामायिक आराधना करते है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूर्व ही भाती किया जा रहा है, जिससे सकल जैन समाज को धर्म लाभ मिल सके। सामुहिक सामायिक का उद्देश्य समस्त सकल जैन समाज को धर्म के प्रति जोड़ते हुए एकता के सूत्र में पिरोकर पारस्परिक सौहार्द में अभिवृद्धि करना है साथ ही साथ सभी को इस वर्ष भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा धर्म लाभ मिले ऐसा उत्सव समिति का मूल का उद्देश्य है।

दादी जानकीजी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई। विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित समारोह में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर दादी जानकी का श्रद्धापूर्वक पुण्य स्मरण करते हुए ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि वह ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में से एक थीं। दादी जी विश्व के उन दस प्रमुख बुद्धीजिवियों में शामिल थी जिन्हें वर्ष 1992 में रियो-डि-जेनरियो में सम्पन्न प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनोनीत किया गया था। भारत देश से सिर्फदो लोगों को यह सौभाग्य मिला था जिनमें से एक दादी जानकी और दूसरे बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा थे। उन्होंने आगे बतलाया कि दादी जी ने राजयोग की अपनी उपलब्धियों से दुनिया के वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। आस्ट्रेलिया की युनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, अमेरिका की युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेनफ्रान्सिस्को की युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी प्रख्यात संस्थाओं ने वैज्ञानिक परीक्षण में देखा कि परस्पर वार्तालाप करते हुए तथा गणितीय प्रश्नों का समाधान करते हुए भी दादी जी के मस्तिष्क से हमेशा डेल्टा तरंगें ही प्रवाहित होती हैं। जबकि सामान्यतः गहन विश्राम अथवा निद्रा की अवस्था में ही डेल्टा तरंगे निकलती हैं। इस प्रकार का परीक्षण वैज्ञानिकों ने विभिन्न योगियों के साथ किया किन्तु कहीं पर भी ऐसा अद्भुत परिणाम देखने को नहीं मिला।

लाभांडी में डायरिया का प्रकोप मरीजों की संख्या 100 के पार

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। लाभांडी के संकल्प सोसायटी में डायरिया का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोसायटी में मरीजों की संख्या 100 के पार पहुंच गई है। इस मामले में जांच करने के बाद बोर के पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला है। अब तक सोसायटी के 105 लोग डायरिया से पीड़ित हुए हैं। पानी का लेवल डाउन हो गया है। इसलिए बोर के पानी में बैक्टीरिया मिला हुआ है।

स्वास्थ्य विभाग लगातार सोसायटी के मरीजों की जांच कर रहा है। बता दें, 21 मार्च से यहां पर डायरिया फैलना शुरू हुआ था। लाभांडी में मरीजों की संख्या 85 के पार पहुंची थी। लेकिन अब 100 के पार चली गई है। 2 दिन पहले दूषित पानी पीने के कारण डायरिया से ग्रसित बच्चे की मौत हो गई थी। यह बच्चा होली का त्योहार मनाने के लिए घर से निकला तक नहीं था। इस परेशानी की वजह से कई लोग लाभांडी छोड़ने का विचार बना रहे हैं। कुछ दिनों से डायरिया फैलने की शिकायत मिलने की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही स्वास्थ्य कैंप भी स्थापित किया गया है। इस कैंप में मरीजों को इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

मोदी का शासनकाल जनता के लिए मौत का काल साबित हुआ : बैज

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री मोदी 'अमृत काल' की बात करते हैं लेकिन हकीकत में उनका शासनकाल 'मौत काल' साबित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 2023 के एनसीआरबी के इन आंकड़ों को देखने से तो यह बात साबित भी होती है। मोदी राज में बीते एक साल में देश के 1 लाख 71 हजार लोगों ने आत्महत्या की है। हर दिन 500 लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे है। हर रोज 30 किसान आत्महत्या कर रहे है। हर घंटे घर संभालने वाली तीन गृहणियां महंगाई से तंग आकर अपनी जिंदगी समाप्त कर रही है, कुल 25309 गृहणियों ने आत्महत्या की है। आत्महत्या करने वालों में सबसे अधिक 35 फीसदी युवा है। सिर्फ 2022 में बेरोजगारी से परेशान होकर 15783 लोगों ने आत्महत्या की है। अपना भविष्य अंधकार में जाता देख एक वर्ष में 5588 छात्राओं ने अपनी जिंदगी खत्म कर ली है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लोगों के बीच फैली इस हताशा और निराशा के कारण बिल्कुल स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में बेरोज़गारी ने 45 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। सीएमआईई के ताज़ा आंकड़े के मुताबिक, आज देश में युवा बेरोज़गारी दर (20-24 साल) 44.49 फ़ीसदी के ख़तरनाक स्तर को पार कर चुकी है। साल 2022 में भारत में युवा बेरोजगारी दर बढ़कर 23.22 प्रतिशत हो गई, जो कि पड़ोसी देशों पाकिस्तान (11.3 प्रतिशत), बांग्लादेश (12.9 प्रतिशत) और भूटान (14.4 प्रतिशत) से भी अधिक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मोदी और भाजपा से सवाल किया कि देश के कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं? सालाना 2 करोड़ नौकरियां कहां हैं? देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है? कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

कृषि विवि में मनाया गया बौद्धिक सम्पदा अधिकार जागरूकता दिवस

पेटेन्ट का इतिहास पुराना है, 1400 ईस्वी में भवन डिजाइनरों के द्वारा पेटेन्ट का उपयोग किया गया : डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिपेक्षय में जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है, जिसमें दस्तावेजों का पंजीयन, ट्रेडमार्क, पेटेन्ट और कॉपी राईट समय की मांग दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा पेटेन्ट कराने के लिए की मार्गदर्शिका के अनुसार भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। नियमानुसार प्रकाशन के दो साल बाद साईटेशन होता है।

जागरूकता दिवस पर उन्होंने पेटेन्ट की महत्वपूर्ण उपयोगिता बताई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पेटेन्ट का इतिहास पुराना है। 1400 ईस्वी में भवन डिजाइनरों के द्वारा पेटेन्ट का उपयोग किया गया। जहां-जहां भी पेटेन्ट किया गया वहां विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पेटेन्ट का मतलब जनता के लिए जानकारी को विस्तारित करना है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रकोष्ठ की स्थापना हुई है, विश्वविद्यालय में किस्मों को जी.आई. टैग मिला है तथा पेटेन्ट की विधि को सरल किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में व्याख्यान देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एस.व्ही. वेरूलकर ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के अनुसार बौद्धिक सम्पदा का अधिकार व्यक्ति के मस्तिष्क में सृजन और उसके उपयोग के दस्तावेजीकरण से जुड़ा है। उन्होंने पेटेन्ट में कॉपिराईट, ट्रेडमार्क, जी.आई. टैग को शामिल किया है। उन्होंने भारतीय पेटेन्ट अधिनियम 1970 की जानकारी दी तथा मूल्य संवर्धन और पेटेन्ट की विस्तृत प्रक्रिया बताई। इसी सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने व्याख्यान देते हुए बताया नवाचार से नये-नये तरीके ज्ञात होते हैं। इन तरीकों का व्यावसायीकरण जरूरी होता है। उन्होंने नवाचार प्रक्रिया में अनुसंधान और विकास संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, उद्योगों द्वारा किये जाने वाले अनुसंधान, नवाचार, विकास, पेटेन्ट, उत्पादन, विपणन तथा अंगीकरण के संबंध को बताया। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में उन्होंने भारत सरकार के पेटेन्ट जानकारी केन्द्र, ज्ञान - राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन अहमदाबाद, राज्य सरकार के नवाचार निधि कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एम.एस.एम.ई.) के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में प्रकाशन का चौथा स्थान है जबकि साईटेशन 9वें स्थान पर है तथा पेटेन्ट दर्ज कराने में 40वें स्थान पर है।

जागरूकता दिवस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार डॉ. अजय वर्मा, संचालक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. टुटेजा, संचालक शिक्षण डॉ. एस.एस. सेंगर, अधिष्ठाता द्वय डॉ. जी.के. दास, डॉ. ए.के. दवे विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ. दीप्ति झा ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सह संचालक अनुसंधान डॉ. धनंजय शर्मा ने किया।

जागरूक मतदाता स्वस्थ चुनाव की नींव, मतदान प्रतिशत बढ़ाना अहम लक्ष्य : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर लोकसभा के खोरपा मंडल से बृजमोहन ने की मंडलों में दौरे की शुरुआत

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी समर में पूरी तरह उतर चुके हैं भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले बृजमोहन अपने चुनावी कौशल के कारण पूरे प्रदेश में पहले ही चर्चा में रहते हैं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से ही बृजमोहन सक्रिय हो चुके हैं और विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली और अब उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है , एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं और हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा । रायपुर लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार और वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के खोरपा मंडल, अभनपुर मंडल, चम्पारण मंडल और नवापारा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

संपादकीय

सबक लें पाकिस्तान

आजकल पाकिस्तान तनाव से गुजर रहा है और इसके लिए वहां पोषित आतंकवाद की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। एक आत्मघाती आतंकी ने विस्फोटकों से भरी कार से चीनी इंजीनियरों व श्रमिकों को ले जा रहे वाहन में टक्कर मार दी, जिसमें पांच चीनी नागरिकों सहित एक पाकिस्तानी ड्राइवर की मौत हो गई। चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ हफ्तों में पाकिस्तान में यह तीसरा ऐसा हमला है, जब आतंकियों ने विकास कार्यों को निशाना बनाया है। अब तक नौ चीनी नागरिक आतंकी हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले में हुई है, जहां पाकिस्तान की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना का काम चल रहा है। चीनी इंजीनियर दासू बांध की ओर ही जा रहे थे, जब उन पर हमला हुआ। इस हमले के बाद चीन ने बड़ी नाराजगी का इजहार किया है, जिससे पाकिस्तान सरकार की चिंता बहुत बढ़ गई है। चिंता का पता इसी से चलता है कि मंत्रियों के अलावा खुद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीनी दूतावास जाकर अधिकारियों को आश्वस्त किया है। अमूमन राजदूतों को प्रधानमंत्री कार्यालय या विदेश मंत्रालय बुलाकर संदेश देने की परंपरा रही है, पर यह विरल मौका है, जब प्रधानमंत्री को खुद दूतावास जाना पड़ा है।

आतंकवाद दोधारी तलवार की तरह है। भारत ने बार-बार चेताया है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पोसने से बाज आए, पर इतने जख्म खाकर भी वह समझने को तैयार नहीं है। आतंकवाद पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि चीन के लिए भी व्यवसाय बढ़ाने या खुद को कूटनीतिक रूप से मजबूत करने का एक माध्यम बन गया है। अगर चीन अपने नागरिकों की निर्मम मौतों से कुछ सीखे और पाकिस्तान को आतंकियों के विरुद्ध कदम उठाने को मजबूर करे, तो इससे बेहतर कोई बात नहीं हो सकती। अगर पाकिस्तान सरकार वाकई इस हमले के दोषियों को पकड़ पाती है, तो इसका असर वहां आतंकवाद के नेटवर्क पर जरूर पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस्लामाबाद आतंकवाद को लेकर गंभीर हो जाए, क्योंकि अगर फिर से चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तो पाकिस्तान को हर तरह से नुकसान के लिए तैयार रहना चाहिए। बीजिंग आज हर तरह से इस्लामाबाद का मददगार बना हुआ है, इसके बावजूद पाकिस्तानी धरती पर सक्रिय आतंकवादी यदि चीन के नागरिकों को ही निशाना बनाते हैं, तो यह पाकिस्तानी सत्ता-प्रतिष्ठान के लिए वाकई चिंता की बात होनी चाहिए। पाकिस्तानी तालिबान ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपने हमले इधर बढ़ा दिए हैं। पिछले सप्ताह ही, ग्वादर बंदरगाह के बाहर चीनी नागरिकों को ले जा रहे एक काफिले पर गोलीबारी के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आठ आतंकियों को मार डाला था। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी पाकिस्तान से आजादी चाहती है। पाकिस्तान आजादी की इस पुरानी मांग को खारिज करता रहा है, पर उसे आतंकवाद के खिलाफ ईमानदारी से लड़ना चाहिए।

चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी ज़िंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नज़र आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है।

नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-

जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने लगी।

हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है।

मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है।

यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

प्रेरक प्रसंग

नमक का स्वाद

एक बार एक परेशान और निराश व्यक्ति अपने गुरु के पास पहुंचा और बोला ङ्क गुरूजी मैं जिंदगी से बहुत परेशान हूँ मेरी जिंदगी में परेशानियों और तनाव के सिवाय कुछ भी नहीं है कृपया मुझे सही राह दिखाइये।

गुरु ने एक गिलास में पानी भरा और उसमें मुट्ठी भर नमक डाल दिया। फिर गुरु ने उस व्यक्ति से पानी पीने को कहा। उस व्यक्ति ने ऐसा ही किया।

गुरु- इस पानी का स्वाद कैसा है ?

बहुत ही ख़राब है÷उस व्यक्ति ने कहा।

फिर गुरु उस व्यक्ति को पास के तालाब के पास ले गए। गुरु ने उस तालाब में भी मुट्ठी भर नमक डाल दिया फिर उस व्यक्ति से कहा- इस तालाब का पानी पीकर बताओ की कैसा है। उस व्यक्ति ने तालाब का पानी पिया और बोला- गुरूजी यह तो बहुत ही मीठा है।

गुरु ने कहा- बेटा जीवन के दुःख भी इस मुट्ठी भर नमक के समान ही है। जीवन में दुखों की मात्रा वही रहती है- न ज्यादा न कम। लेकिन यह हम पर निर्भर करता है कि हम दुखों का कितना स्वाद लेते है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम अपनी सोच एंव ज्ञान को गिलास की तरह सीमित रखकर रोज खारा पानी पीते है या फिर तालाब की तरह बनकर मीठा पानी पीते है। एक मुट्ठी भर नमक, एक गिलास में भरे मीठे पानी को खारा बना सकता है लेकिन वही मुट्ठी भर नमक अगर तालाब या झील में डाल दिया जाएतो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

धर्म-कर्म

नवरात्रि पर इस शुभ योग में घटस्थापना से होगा लाभ, जानिए विधि

सनातन धर्म में नवरात्र को एक बहुत ही पवित्र और महत्वपूर्ण समय माना गया है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, साल में मुख्य रूप से 2 बार नवरात्र मनाए जाते हैं। जिनमें से एक है चैत्र नवरात्रि और दूसरी आश्विन माह की शारदीय नवरात्र। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चैत्र नवरात्र की शुरुआत होती है। ऐसे में इस साल 09 अप्रैल 2024 से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो रही है।

साल 2024 में चैत्र नवरात्र की शुरुआत 09 अप्रैल से हो रही है, वहीं इसका समापन 17 अप्रैल यानी महानवमी के दिन होगा। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। ऐसे में घट स्थापना के शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार रहेगा -

कलश स्थापना शुभ मुहूर्त - सुबह 06 बजकर 11 मिनट से सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक

बन रहा है ये शुभ योग : चैत्र नवरात्र के विशेष अवसर पर कई शुभ योग बनने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इन शुभ योग में पूजा-अर्चना और घटस्थापना की जाए, तो इससे व्यक्ति को जीवन में विशेष लाभ देखने को मिल सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, चैत्र नवरात्र पर अमृत सिद्धि योग और अश्विनी नक्षत्र का संयोग रहने वाला है। 09 अप्रैल के दिन सूर्योदय के लगभग 02 घंटे बाद अश्विनी नक्षत्र शुरू हो जाएगा। इस शुभ मुहूर्त में घट स्थापना करने से साधक को माता रानी की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है।

आंचलिक

संयुक्त मोर्चा ने मांग एवं सुझाव के साथ कलेक्टर से की पुन : मुलाकात

जिला में दो लोकसभा क्षेत्र होने के कारण विकास खंडवार प्रशिक्षण में तकनीकी समस्या

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला कोण्डागांव संयोजक नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में बुधवार 27 मार्च को विभिन्न कर्मचारी संगठनों के विकासखंड, तहसील एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर कोण्डागांव कुणाल दुदावत से पुनः मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों के विभिन्न मांगों एवं सुझाव के सम्बन्ध में चर्चा की गई। दिनांक 04 मार्च को सौंपे गए ज्ञापन के क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने बताया कि कोण्डागांव जिला में दो लोकसभा बस्तर एवं कांकेर निर्वाचन क्षेत्र एवं दोनों क्षेत्र के लिए अलग अलग मतदान दिवस होने के कारण

मतदान कर्मियों को तकनीकी एवं संसाधन के मध्यनजर विकास खंडवार प्रशिक्षण देना संभव नहीं है। परन्तु जिला स्तर पर प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कर्मियों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार परिस्थिति के अनुकूल अधिक मतदाता वाले केंद्र में सहायक मतदान केंद्र की स्थापना की व्यवस्था की जा रही है। 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, दिव्यांग व गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मचारियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कलेक्टर महोदय ने बताया कि कर्मचारी के आवेदन पर सामान्य परीक्षण, प्रमाण पत्र एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त किया जाएगा। सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र की दूरी के आधार पर विकासखंड से आने वाले मतदान कर्मियों के लिए वाहन की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया। विधानसभा 2023 में जिले में प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स एवं रिजर्व दल जो निर्वाचन में कार्य किए हैं उनको मानदेय का भुगतान किया जा चुका है, इस लोकसभा चुनाव में भी समयानुसार मानदेय का भुगतान किया जाएगा। सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र में सर्वसुविधायुक्त भोजन, मौसम अनुरूप पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, काउंटर में वृद्धि एवं प्रक्रिया को सरल बनाने में का भी भरोसा दिलाया। कलेक्टर महोदय द्वारा दिनांक 27 मार्च के प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को दिनांक 28 मार्च के प्रशिक्षण में उपस्थित होने का अवसर दिया गया है। अतएव जो कर्मचारी किसी कारणवश प्रशिक्षण में भाग नहीं ले पाए है वे दिनांक 28 मार्च के प्रशिक्षण में भाग अवश्य लें लेंगे अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की संभावना है। चर्चा के दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी लोकेश गायकवाड़ जिलाध्यक्ष छग राजपत्रित अधिकारी संघ, शिवराज सिंह ठाकुर, यशवंत देवांगन, संजय कुमार राठौर, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, अनुप विश्वास, अमलेश बारले, चन्द्रेश चतुर्वेदी, मोहन बोगा, हितेंद्र श्रीवास, सुकमन नेताम, चन्दुलाल देशमुख, बृजलाल नाग, मनोज ठाकुर, सुखदेव नेताम आदि उपस्थित थे।

ब्लॉक गीदम के मतदान केन्द्रों का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

एसएसटी चेक पोस्ट में पहुंचकर सरहदी क्षेत्रों में सघन निगरानी के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

दंतेवाड़ा। आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा विकास खण्ड गीदम अंतर्गत भटपाल, हितामेटा, बारस्पूर, कोरकोटी, के मतदान केन्द्रों तथा स्थैतिक निगरानी दल केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा दिशा निर्देश दिये गए। इसके साथ ही उन्होंने इन क्षेत्रों में चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की भी समीक्षा की। इस क्रम में कलेक्टर ग्राम पंचायत भटपाल पहुंचे जहां उन्होंने विस्थापित किये गये मतदान केन्द्र का जायजा लिया। ज्ञात हो कि पूर्व में स्थापित यहां के मतदान केन्द्र को ग्राम पंचायत बेंगलूरू विस्थापित किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बेंगलूरू स्थित वनवासी कल्याण आश्रम का भी अवलोकन किया। मालूम हो कि उक्त वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा ग्राम भटपाल और बेंगलुरू के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत हितामेटा

के स्वामी आत्मानंद विद्यालय पहुंचकर निर्वाचन हेतु बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों की ठहरने की व्यवस्थाओं की जायजा लेते हुए सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा। इस क्रम में उन्होंने बारस्पूर स्थित स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) केन्द्र का भी निरीक्षण कर चेक पोस्ट में सघन चेकिंग करने के लिए भी दल को निर्देशित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भटपाल में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्य तथा आरसीसी स्लैब पुलिया निर्माण कार्य की प्रगति एवं ग्राम कोरकोटी में प्रधान मंत्री आवास योजना के निर्माण और प्राथमिक शाला उदीरनाला में किये जा रहे अतिरिक्त कक्ष का निर्माण का भी निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता को परखा तथा समय सीमा में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को कहा।

महापौर सफ़ीरा साहू और वरिष्ठ कांग्रेस नेता यशवर्धन राव के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस में गुटबाजी का पटाक्षेप

समवेत शिखर संवाददाता

जगदलपुर। जगदलपुर की राजनीति में ये चौकाने वाले अप्रत्याशित कदम ने कांग्रेस के अंदर चल रही गुटबाजी का पटाक्षेप कर दिया। इससे पहले कांग्रेस की कुछ महिला पार्षदों ने कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष पर जासूसी और अभद्रता का आरोप लगाते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था।

वहीं कांग्रेस के एक धड़े पर लगातार महापौर के विरुद्ध कार्य करने का आरोप भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर लगता रहा है। महापौर के बीजेपी में जाने से कांग्रेस सकते में हैं। ज्ञात हो कि आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी जगदलपुर में ही मौजूद हैं और लालबाग में आमसभा को संबोधित कर कवासी लखमा के नामांकन में शामिल होंगे।

आईटीआई कोण्डागांव में नुक्कड़ नाटक द्वारा युवाओं को मतदान के लिए दिया गया संदेश

आईटीआई के विद्यार्थियों ने युवोदय स्वयं सेवकों के संग रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता

कोण्डागांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तिथियों के नजदीक आने के साथ प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। गुरूवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कोण्डागांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत युवाओं ने रैली निकाल कर आस-पास के ग्रामीणों को 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा हेतु होने वाले

मतदानों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस रैली में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के स्वयं सेवकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मतदान का संदेश जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया।

जागरूकता रैली उपरांत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पहुंच युवोदय कोंडानार चैम्प्स के युवाओं द्वारा संस्थान के नवीन मतदाताओं को अपने मताधिकार हेतु जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर एक मत के महत्व को युवाओं को बताया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रेशमा खान, खेल अधिकारी सुधा कुमार, प्राचार्य आईटीआई आत्माराम विशाल, परियोजना अधिकारी आजीविका पुनेश्वर वर्मा, पीएमयू अभिनय रात्रे, प्रशिक्षक विजय पाल सहित युवोदय के स्वयं सेवक एवं आईटीआई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोपली थाना उतई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी भुनेश्वरी सपहा की विगत 04 मार्च 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम उमदा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी डोमनदास भारती की विगत 14 नवम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। संगम चौक वार्ड क्र. 10 जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी अजय सेन की विगत 06 जनवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वार्ड नं. 15 बजरंग नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी अमन कश्यप की 13 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. भुनेश्वरी सपहा की माता कचरी बाई को, स्व. डोमनदास भारती की पत्नी गहना भारती को, स्व. अजय सेन के पिता शिव कुमार सेन को एवं स्व. अमन कश्यप के पिता रमेश कुमार कश्यप को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

6 लाख का पान मसाला लावारिस हालत में ट्रेन में मिला

भिलाईनगर। लोकसभा चुनाव आचार संहिताकेमद्देनजर चलाये जा रहे प्री इलेक्शन सीजर अभियान के तहत मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट दुर्ग प्रभारी एस. के. सिंहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सनातन थानापति, स.उ.नि. आर.के. मिश्रा, प्र.आ. एन.के. राजपूत, आरक्षक एस. आर. मीणा, प्र.आ. व्ही. सी. बंजारे , आरक्षक गिरिराज मीणा की टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के सामान्य कोच में दो राजश्री पान मसाला थैला में मादक पदार्थ गांजा होने की सूचना पर अटेंड किए जहां 02 उक्त थैला लावारिस हालत में मिला। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री का नहीं होना पाया गया। जिसे रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर 02 नागपुर छोर से उतारकर दोनों थैला के अंदर रखे कुल 18 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 30 किलोग्राम जिसका अनुमानित कीमत 6,00,000/- रू है। जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत् जप्ती की कार्यवाही कर संपूर्ण कागजात के साथ जीआरपी चौकी दुर्ग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। जीआरपी चौकी दुर्ग द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 00/24 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

अवकाश स्वीकृति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के लिए समस्त प्रकार के अवकाश की स्वीकृति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी अवकाश स्वीकृति नियुक्त किया है।

दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन कल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रमुख कांग्रेस नेता सम्मेलन में शामिल होंगे, चुनाव जीतने का संकल्प लेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग द्वारा कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में दुर्ग विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वार्डों के पार्षदों, छाया पार्षदों, वार्ड अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों को सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को लाने की जवाबदारी सौंपी गई।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, मजदूर कांग्रेस व अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा कि आगामी 30 मार्च को कार्यकर्ता सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हो रहा है। एकजुटता के साथ सभी कांग्रेसजनों को दुर्ग लोकसभा का चुनाव जीतना है। वोरा ने कहा कि हमें कांग्रेस के 5 गारंटी की जानकारी लोगों तक पहुँचाना है। पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में बहुत सी महती योजनाओं को लागू किया, किंतु वर्तमान सरकार ने सारी योजनाएं बंद कर सामान्य जनता की मुश्किलें बढ़ा दी है।बैठक को अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी संबोधित किया।

बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, परमजीत सिंह भुई, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, महिप भुवाल, राजकुमार साहू, सुशील भारद्वाज, अनूप वर्मा, सुमीत वोरा, संदीप वोरा, कन्या ढीमर, रत्ना नारमदेव, निकिता मिलिंद, दीपक जैन, हेमा साहू, आनंद ताम्रकार, चंद्रमोहन गभने, दीपक साहू, शंकर ठाकुर, अनूप चंदनिया, भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, ज्ञानदास बंजारे, पोषण साहू, विकास यादव, बृजमोहन तिवारी, प्रेमलता साहू, विवेक मिश्रा, विनीश साहू, अशोक मेहरा, संदीप बक्शी, बिंदु राजपूत, जमुना साहू, संजू धनकर, शकुन ढीमर, निर्मला साहू, श्रद्धा सोनी, पार्वती शेंडे, उषा ठाकुर, भूपेंद्र सेन उपस्थित रहे।

देमार में दूध और पनीर की प्रोसेसिंग यूनिट में खाद्य विभाग का छापा

समवेत शिखर संवाददाता

पाटन। दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम देमार में दूध और पनीर की प्रोसेसिंग यूनिट में खाद्य विभाग ने छापेमारी की है। आशंका है कि फैक्ट्री में नकली दूध और पनीर बनाया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने बड़े पैमाने पर दूध, पनीर, दूध पाउडर, यूरिया, केमिकल और ऑयल जब्त किया है। खाद्य अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि पाटन ब्लाक के ग्राम देमार में खाद्य विभाग को नकली दूध और नकली पनीर बनाने की सूचना मिली।

सूचना के आधार पर खाद विभाग, नायब तहसीलदार और स्थानीय पुलिस की मदद से फैक्ट्री में छापेमारी की गई। खाद्य विभाग की टीम जब प्रोसेसिंग यूनिट के गोदाम में पहुंची तो यहां बोरियों में अलग-अलग ब्रांड के दूध पाउडर के सैकड़ों पैकेट मिले। इसके साथ ही यहां पर सैकड़ों टिन के डिब्बों में फूड ऑयल, यूरिया और केमिकल पाया गया। प्रोसेसिंग यूनिट के संचालक नावेद खान ने बताया कि वह दूध पाउडर सेल करते हैं. जो केमिकल और डिटर्जेंट मिला है, उससे प्रोसेसिंग यूनिट की सफाई की जाती है। खाद्य विभाग की टीम ने पूरे स्टोर रूम को सील कर दिया है। वहीं फैक्ट्री संचालक नावेद खान ने कहा कि जो यूरिया स्टोर रूम में मिला है उसका इस्तेमाल वे अपने गार्डन और खेत में करते हैं। मौके से आधी बोरी यूरिया मिली है। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की जांच के बाद पता चलेगा कि दूध और पनीर में केमिकल और यूरिया मिला है या नहीं। फैक्ट्री में एसिटिक एसिड के कई गैलेन भी मिले हैं। गैलन में चेतावनी लिखी है कि इसका उपयोग ग्लव्स पहनकर ही करना है, नहीं तो ये स्किन बर्न कर सकता है, हालांकि फैक्ट्री संचालक का कहना है कि वह इसे मशीन की सफाई के लिए इस्तेमाल करता है। फैक्ट्री संचालक नावेद खान रायपुर का रहने वाले है। उनका कहना है कि जो फूड ऑयल उसके गोदाम में मिला है वो नमकीन बनाने में इस्तेमाल होता है। उसने कहा कि वो किसी ब्रांड की नमकीन नहीं बनाता बल्कि लूज में बेचता है, उसने बताया कि नमकीन बनाने की यूनिट रायपुर शंकर नगर में और तेल का स्टोर पाटन में करता है। नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल ले लिया है. सैंपल फेल हुआ तो यूनिट संचालक के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्था के संबंध में सेक्टर अधिकारियों की हुई बैठक

अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73 खैरागढ़ के मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत व्यवस्था के संबंध में सेक्टर अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली गई। बैठक में सेक्टर वार मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्था के संबंध में आवश्यक चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि आयोजित बैठक में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले कुल 283 बूथों पर मतदान के दौरान होने वाली समस्याओं व सुविधाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा के साथ समीक्षा की गई।

उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से उनके द्वारा मतदान केंद्रों में जाकर किये गये मुआयना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, शैड आदि व्यवस्था सुनिश्चित हो । साथ ही जिन मतदान केंद्रों में मूलभूत व्यवस्था में कमी हो वहां इसे शीघ्र दुरुस्त कराया जाये। इस संबंध में सभी सेक्टर अधिकारियो को मतदान केंद्रों में व्यवस्था में कमी के आधार पर मतदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रिया वेलफेयर सोसायटी खैरागढ़ द्वारा जल संरक्षण पर जनजागरूकता शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

खैरागढ़। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय संस्था रिया वेलफेयर सोसाइटी, खैरागढ़ के द्वारा कबीरधाम जिले के चैतन्य पब्लिक स्कूल, पोंड़ी में दिनांक 23 मार्च दिन शनिवार जल संरक्षण पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण को लेकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही चित्रकला, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के सामाजिक विकास हेतु आयोजित की गई जिसमे स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया गया। रिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक राहुल यादव ने अपने उद्बोधन में बच्चो को मार्गदर्शन देते हुए सभी से जल को संरक्षित करने तथा पर्यावरण को बचाने की अपील की गई एवं संस्था के उद्देश्य से बच्चो को अवगत कराया गया। विद्यालय के डायरेक्टर एस.एन. यादव ने बच्चो को ऐसे प्रतियोगिताओं में भाग लेने प्रोत्साहित किया एवं पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनायें प्रेषित की। विद्यालय के प्राचार्य ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए आने वाले समय में भी इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यालय का समर्थन रहने की बात कही गई उक्त कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष चैतन्य यादव, सचिव वैभव यादव, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत एवं आला अधिकारियों ने क्रिकेट खेलकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

समवेत शिखर संवाददाता

बालोद। जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आज आयोजित स्वीप क्रिकेट मैच में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम बालोद श्रीमती शीतल बंसल, एसडीएम गुण्डरदेही सुरेश साहू सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने उम्दा एवं बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर जिले के मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। स्वीप क्रिकेट मैच के माध्यम से अधिकारियों ने क्रिकेट मैच खेलकर जिले के युवा मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में आयोजित स्वीप क्रिकेट के इस रोमाचंक मैच में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के कप्तानी में स्वीप चैलेंजर्स की टीम ने 10 विकेट से विजय हासिल कर मैच के विजेता का खिताब हासिल किया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोमेश टावरी पिता हरिशंकर टावरी ग्राम साजा प.ह.नं. 09 तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 2488 रकबा 0.04 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 08/04/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका किरणदेवी टावरी पति हरिशंकर टावरी ग्राम साजा प.ह.नं. 09 तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 3548/3 रकबा 0.02 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 08/04/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

कमांक/202403111500042/31-6/2023-24
रायपुर, 26/3/2
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. राम प्रताप यादव, 2. देव धरन यादव दोनों पिता स्व. बरातू यादव, 3. श्रीमती अनुसुइया पति तुलसी यादव, 4. शांति यादव, 5. मालती यादव दोनों पिता स्व. तुलसी यादव, 6. श्रीमती सगना पति स्व. पुरूषोत्तम यादव, 7. गोविंद यादव, 8. संतोषी यादव, 9. सोनिया यादव, 10. भुनेश्वरी यादव पिसारन स्व. पुरूषोतम यादव, 11. मोहन यादव, 12. श्रवण कुमार यादव, 13. सोनी यादव, 14. हीराबाई यादव पिसरान स्व. रघुनंदन यादव, 15. अशोक यादव, 16. मनोज कुमार यादव, 17. दुलारी यादव, 18. अल्लू यादव पिसारन लाला यादव सभी निवासी रामनगर रायपुर (छ.ग.) धारा 109-110 सीजी भू-राजस्व संहिता के तहत इस न्यायालय में आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। पिता/ससुर/दादा बरातू पिता बिसाहू यादव, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन। 52, तहसील एवं जिला रायपुर, परिवर्तित प्रतिधारण भूमि पत्रक क्रमांक 12 प्लाट क्रमांक 28 खसरा क्रमांक 867/97 क्षेत्रफल 906 वर्गफीट अकाउंटेंट बरातू पिता बिसाहू यादव की मृत्यु 15/11/1987 को एवं उनकी पत्नी कमरीन बाई यादव की मृत्यु 25/12/1 को हो गयी मृतक अकाउंटेंट स्व. बरातू पिता बिसाहू यादव के कानूनी उत्तराधिकारी तुलसी यादव, पुरूषोत्तम यादव, राम प्रताप यादव, देवचरण यादव, बिसाहिन यादव, पुरैन यादव हैं, जिनमें से तुलसी यादव की मृत्यु 29/12/2018 को हो गई, जिनके कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती हैं। तुलसी यादव, शांति यादव, मालती यादव पिसारन स्व. तुलसी यादव हैं. पुरूषोत्तम यादव का निधन 17/02/2020 को हो गया जिनकी कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती हैं। पुरूषोत्तम यादव, गोविंद यादव, संतोषी यादव, सोनिया यादव, भुनेश्वरी यादव पिसारण स्वर्गीय पुरूषोत्तम यादव हैं। बिसाहिन यादव की मृत्यु 25/04/2012 को हो गयी जिनके कानूनी उत्तराधिकारी मोहन यादव, सरवन यादव, सोनी यादव, हीरा यादव पिसारण स्व. रघुनंदन यादव. पुरैन यादव का 22/06/2021 को निधन हो गया, अशोक यादव, मनोज यादव, दुलारी यादव, अल्लू यादव पिसरन लाल यादव के अलावा कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं था। अतः उक्त आवेदित भूमि से मृतक खातेदार स्व. दूल्हे के पिता विसाहू यादव का नाम हटाकर उसके कानूनी उत्तराधिकारी के नाम पर फौती नाम दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10/4/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ- जिला रायपुरतहसील रायपुर पहनं. 00034 अटारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांकः आरडी202324440721600021

//ईश्तहार//

तहसीलदार रायपुर के पहनं. 00034 के अंतर्गत ग्राम अटारी के वर्तमान भूमिस्वामी निलम मिश्रा पति पिता/पति संजय मिश्रा पता वीरसावरकर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 143/49 (0.2340), 143/48 (0.1390) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री अनमोल मिश्रा पिता/पति-श्री संजय मिश्रा पता -वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर छ.ग., श्री संजय मिश्रा पिता/पति श्री कृष्णकांत मिश्रा पता वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर छ.ग. ना.बा. स्वास्तिका मिश्रा पिता/पति श्री संजय मिश्रा पतावीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.न.-00013 बेन्द्री ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी 202324441631700015

ईश्तहार

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम बेन्द्री के वर्तमान भूमिस्वामी खैरुन निशा पिता/पति-शैय्द वाजिद अली पता-सा. तरुण नगर रायपुर, अन्नपूर्णा देवांगन पिता/पति-संजय देवांगन पता-सा. नलघर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 255/5(0.0610) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अन्नपूर्णा देवांगन पिता/पति-संजय देवांगन पता-सा. नलघर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/ 03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार अभनपुर जिला- रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, गोबरा नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/ /वा-0....../तह./2024
गोबरा नवापारा, दिनांक 18/03/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेंद्र साहू पिता श्री बिसाहू साहू निवासी ग्राम सोनेसिली तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के माता की मृत्यु दिनांक 28/11/1993 को ग्राम सोनेसिली में हुई है। जिसके संबंध में भूलवश पंचायत जिला रजिस्टार रायपुर में दर्ज नहीं करा पाया। जिसके संबंध में आवेदक अपने माता कृष्णाबाई पति बिसाहू साहू के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 02/04/2024 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गोबरा नवापारा

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403112800011/169

विषय:- अ-20(3) मामले की श्रेणी: राजस्व, सन् 2024-25, रायपुर प.ह.नं. 00062 (हे.)

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- कु. हफीजा पिता स्व. शेख अहमद, अनावेदक पक्षकार-

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा रायपुर खास के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. हफीजा पिता स्व. शेख अहमद, निवासी- प्रोफेसर समशुद्दीन के मकान के सामने, बैजनाथपारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की ओर से अधिवक्ता श्री आर.डी. शुक्ला द्वारा छ.ग. भू संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत फौती नामांतरण बाबत आवेदन पेश किया है कि मौजा रायपुर खास स्थित भूमि ब्लाक नंबर-104/108, नंबर-5/1, 8/1 जो कि सर्वे पंजी इंद्राज क्र. 120 में वर्ष 1974 से कब्जा उल्लेख दर्ज है। आवेदिका की माता श्रीमती जानबी पति शेख अहमद की मृत्यु वर्ष 1984 में हो गया है, जिनके वारिसान में आवेदिका ही एकमात्र वारिसान है, अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव आवेदिका द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 04/04/2024 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी रायपुर

गर्मी में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हों : आयुक्त

समवेत शिखर संवाददाता

भिलाईनगर। वित्तीय वर्ष समाप्ति के इन चार दिनो में 31 मार्च तक निगम क्षेत्र के भवन मालिको के बड़े करदाता जिनका संपत्तिकर की राशि लम्बे समय से बकाया है, उस राशि की वसूली के लिए जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ बकायादारो से सम्पर्क कर वसूली करें। ग्रीष्मऋतु में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे नागरिको को कठिनाईयो का सामना न करना पड़ें।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रों में आवश्यक संधारण कार्य कर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, सिढ़ी कीव्यवस्थासुनिश्चित कर लें,ताकि नागरिक सुविधाजनक ढंग से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त देवेशकुमार ध्रुव नेअधिकारियो से कहा कि निगम के करो की वसूली के लिए एजेंसी नियुक्त किये गये है। इसके अतिरिक्त निगम के करो की ऐसी राशि जो लम्बे समय से वसूली नहीं किये जा सके है उनकी सूची सभी जोन को दिया गया है।जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च के पूर्व बड़े बकायादारो से सम्पर्क कर राशि की वसूली करें तथा टैक्स नहीं पटाने वालो के विरूद्ध कुर्की वारंट जारी किये जाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। राजस्व करो की वसूली शत् प्रतिशत हो।बैठक में जलकार्य विभाग के अधिकारी ने जानाकरी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के हर घर को पानी मिले इसके लिए बिछाए गये पाईप लाईन में हुए लिकेज का संधारण किया गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

(संपत्ति कर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/1563/513 — रिसाली, दिनांक 28/03/2024

स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही हो एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्ति कर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

क्र.	हस्तांतरणकर्ता का नाम	हस्तांतरिती का नाम	हस्तांतरण का स्वरूप	संपत्ति की स्थिति
1	चमरूलाल देवांगन पिता-शिव प्रसाद देवांगन, निवासी-आशीर्वाद विला प्रगति पथ हनुमान मंदिर मार्ग रामनगर सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्री ओमप्रकाश देवांगन, पिता-चमरूलाल देवांगन, निवासी-आशीर्वाद विला प्रगति पथ हनुमान मंदिर मार्ग रामनगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	दानपत्र	कोहका,(वार्ड नं.-13 राजीव नगर वार्ड के रामनगर आवासीय क्षेत्र अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं.-9038, प्लाट नं. 05, रकबा-1600 वर्गफीट, एवं खसरा नं. 9040/2, रकबा-500 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित।
2	1. पी.सी. खरे(प्रकाश चंद खरे), पिता-स्व. श्री डी.आर.खरे, 2. श्रीमती इन्द्रा खरे, पति श्री पी. सी. खरे(प्रकाश चंद खरे), दोनो निवासी-ए-3, उत्तरायन इनक्लेव, साउथ सिविल लाईन्स, पचपेडी, जबलपुर(म.प्र.)	1. डॉ. अराधना डेविड, पति डॉ. सुशान्त डेविड, 2. डॉ. सुशान्त डेविड, पिता श्री संतोष डेविड, निवासी-डी-28, ए.सी.सी. कालोनी, ए. सी.सी. प्लांट, जामुल, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	चौहान टाउन, जुनवानी भिलाई,(वार्ड क्रमांक-2 जुनवानी वार्ड के स्मृतिनगर से चौहान टाउन अंदर भाग), फ्लैट नं.-21, द्वितीय तल, ब्लॉक नं.-सी-1, रकबा-1195.65 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
3	देवनाथ गुप्ता, पिता-श्री राम कॅवल गुप्ता, निवासी-एच.आई.जी. प्लाट नं.-05, ब्लॉक नं. -02, वार्ड नं.-10, जवाहर नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती शीतल बुंदेला, पति श्री संजय बुंदेला, निवासी-बुंदेला हाउस, प्लाट नं. 03, वार्ड नं. -25, दीप नगर, जवाहर नगर रोड, इंदिरा गांधी कॉलेज, वैशाली नगर, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	कोहका(वार्ड नं. 14 बाबादीप सिंह नगर अंदर भाग), भिलाई, खसरा न. -5407/5, रकबा-2500 वर्गफीट, आवासीय रिक्त भूमि।
4	मेसर्स-कुबेर डेवलपर्स-भिलाई, श्रीमती मीरा बंसल, पति-स्व. श्री यशवीर बंसल,(भागीदार-कुबेर डेवलपर्स) श्रीमती रूचि ऐरन,(पिता-स्व. श्री यशवीर बंसल), पति-श्री अनुज ऐरन, दोनों निवासी-42/3, नेहरूनगर(पूर्व) भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग)	1. डॉ. चेतन आनंद, पिता-श्री पंकज कुमार सिन्हा, 2. डॉ. श्वेता रानी प्रसाद, पति-डॉ. चेतन आनंद, निवासी-म.नं.-389, सड़क-6ए, शांतिनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	वार्ड नं.-7, फरीदनगर कोहका, वार्ड अंतर्गत, कुबेर इनक्लेव, कोहका, भिलाई, फ्लैट नं.-2 सी, द्वितीय तल, ब्लाक-2, क्षेत्रफल-1272.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
5	1.ब्रिंदा दलाई आ. स्व. जी.एन. दलाई, 2. श्रीमती सुजाता दलाई आ. श्री मोहन बिसोई ध. प. श्री ब्रिंदा दलाई, दोनो निवासी-उत्कल नगर, जोन-2, खर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	1. श्रीमती सुनीता सब्बरवाल, ध.प. श्री अनिल सब्बरवाल, 2. अंशुल सब्बरवाल आ. श्री अनिल सब्बरवाल, दोनो निवासी-बी-17, फ्लैट नं. -1104, आर. एऊफोरीय सोसायटी, कोंढवा-सासवड रोड तालाब फैक्टरी समोर, बुदुक पुणे(महाराष्ट्र)	बिक्रीनामा	चौहान टाउन, जुनवानी, वार्ड नं. 02 स्मृतिनगर वार्ड अंतर्गत सी.एच.पी.एल. चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-24, द्वितीय तल, ब्लॉक नं. -डी-2, रकबा-1195.65 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।
6	अजय कुमार, पिता-स्व. गुरूचरण लाल, निवासी-दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग के तरफ से आम मुख्तयार :- मोहम्मद गौस, पिता मोहम्मद याकूब, निवासी-म. नं. 173, रावण भाठा, उड़िया मोहल्ला, पुरानी बस्ती, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती चंदर भसीन, पति-स्व. विध्यारतन भसीन, निवासी-एम.आई.जी. 19, वैशालीनगर, वार्ड नं. 10, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	उपहार-पत्र	दक्षिण गंगोत्री सुपेला व्यवसायिक योजना, भिलाई,(वार्ड नं. 04 राधिका नगर वार्ड के दक्षिण गंगोत्री सुपेला व्यवसायिक योजना अंदर भाग), भिलाई, ब्लाक क्रमांक-सी, भूखंड क्रमांक-20, क्षेत्रफल-40.5 वर्गमीटर, भवन निर्मित।
7	श्री विक्रम चौहान, पिता-स्व. एस.एल. चौहान, निवासी-प्लाट नं.-14, आनंद विहार शिवा कॉलेज के पास, राधिका नगर सुपेला, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	श्रीमती सीता देवी, पति-श्रीनाथ सिंह, निवासी-प्लाट नं.-18, दुर्गा नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.)	बिक्रीनामा	जुनवानी, वार्ड नं.-02 स्मृतिनगर वार्ड के चौहान टाउन अपार्टमेंट जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-09, द्वितीय तल, ब्लाक-जी/10, क्षेत्रफल-670 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित।

उपायुक्त (संपत्ति कर)

न्यूज ब्रीफ

चैत्र नवरात्र पर खल्लारी मंदिर बेमचा में शत् चंडीयज्ञ

महासमुन्द। ग्राम बेमचा में चैत्र नवरात्र पर खल्लारी मंदिर बेमचा में श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भगवत महापुराण का आयोजन खल्लारी मंदिर प्रांगण में होने जा रहा है। 8 अप्रैल दिन सोमवार शाम 4 बजे से भव्य कलशयात्रा, 9 अप्रैल दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्वलन स्थापना एवं यज्ञारंभ, यज्ञ समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इसी तरह भागवत महापुराण प्रवचन सुश्री स्वर्णिम दीदी जी श्री वृन्दावन धाम द्वारा दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगा। संध्या आरती प्रतिदिन शाम 7 बजे तय है। यज्ञाचार्य पं सूर्यप्रकाश व्यासनारायण तिवारी तथा यज्ञ में सहायक पांडुका आश्रम से पंडित सौरभ शुक्ला, पंडित दुर्गेश दुबे, पंडित सोनू पांडेय, पंडित दामोदर तियार, पंडित जितेंद्र उपाध्याय, त्र्यंबकेश्वर, बनारस से रामेश्वरम आश्रम से पंडित प्रतीक पांडेय, पंडित सौरभ शर्मा मंडित नितिन शुक्ला, पंडित लोकेश दुबे होंगे। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

शहर में सर्वाधिक मतदान के लिए पालिका ने शुरू किया मतदाता जागरूकता अभियान

महासमुंद। नगर पालिका ने लोकसभा चुनाव के दौरान शहर में सर्वाधिक मतदान और मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए बुधवार से मतदाता जागरुकता अभियान का आगाज किया है। अभियान में सहभागिता के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने विगत 29 मार्च को व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहुत की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने लोकसभा चुनाव में महासमुंद में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए शहर के निवासियों, धार्मिक, व्यवसायिक, स्कूल.कॉलेज, सामाजिक, होटल व अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने की अपील की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों का अधिक से अधिक सहयोग रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप महासमुंद नगर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक मतदाता को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन

महासमुंद। निर्वाचन संचालन के नियम 1961 के नियम.3 सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 31 के अधीन लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन प्ररूप 1 एवं उपाबंध टप् में मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 28 मार्च को लोकसभा क्षेत्र 09 महासमुंद अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद कार्यालय, कलेक्टर गरियाबंद,धमतरी, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,तहसील कार्यालय, नगरीय निकाय, जनपद एवं लोकसभा क्षेत्र.09 महासमुंद के सभी ग्राम पंचायतों के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रकाशन किया गया है।

पहले दिन 7 नामांकन फार्म खरीदे गए

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने के पहले दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए 07 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फार्म खरीदे गए।

निधन

राकेश देवांगन

महासमुंद। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में एनआरएचएम में पदस्थ लेखापाल इमलीभाठा निवासी राकेश देवांगन का 28 मार्च को निधन हो गया। अंतिम संस्कार इमलीभाठा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. चंद्रहास देवांगन के पुत्र व प्रमोद, मनीष, संजू देवांगन के भाई थे।

राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रैंडमाइजेशन

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि मतदान केंद्रों में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का उपयोग करने के पहले पारदर्शिता के लिए विभिन्न चरणों में मशीनों का रेंडमाइजेशन किया जाता है। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। जिसके तहत उपलब्ध बैलेट यूनिट के 2110, कंट्रोल यूनिट के 1362 एवं वीवीपैट के 1462 यूनिटों का रेंडमाइजेशन किया गया। ज्ञात है कि सरायपाली विधानसभा अंतर्गत 270, बसना विधानसभा अंतर्गत 287, खल्लारी विधानसभा 270 एवं महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 246 अर्थात कुल 1080 मतदान केन्द्र है। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की सहमति के पश्चात कुल मतदान केन्द्र का 123 प्रतिशत बैलेट यूनिट, 123 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट एवं 133 प्रतिशत वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में पारदर्शिता के लिए रेंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई। इसके बाद वेयर हाउस में अलग.अलग कक्षों में रखे सीयूए बीयू एवं वीवीपैट का अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराने के साथ ही चुनाव से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई। रेंडमाइजेशन के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय कुमार साहू, अपर कलेक्टर रवि साहू, ईवीएम के जिला नोडल अधिकारी समीर पांडेय उपस्थित थे।

पूर्व सैनिक संगठन द्वारा बच्चों को नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के सदस्यो द्वारा सैन्य प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जा रहा है।

महासमुंद के फारेस्ट ग्राउंड में नगर व आसपास के बच्चे ट्रेनिंग लेने सुबह 6 बजे से 7.30 तक आ सकते है। जो बच्चे अग्नि वीर या पुलिस में फार्म भरे है वे बच्चे ज्यादा ट्रेनिंग के लिए आ रहे है।

अधिक जानकारी के लिए पूर्व सैनिक के मोबाइल नंबर 8109598417 पर संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर संपर्क कर सकते है।

पटेवा में हुआ भाजपा प्रत्याशी का स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुन्द। जनसंपर्क के लिए पटेवा पहुंचे भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का स्वागत युवाओं ने जोर शोर से किया।

श्रीमती चौधरी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगों के सुखी रहने की प्रार्थना की साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का आश्वासन भी दिया। श्रीमती चौधरी ने केंद्र की भाजपा सरकार के जनहित में हुए कामों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जनता से आशीर्वाद बनाए रखने की अपील की।

भाजपा से प्रभावित होकर विक्की शर्मा और मनोहर साहू के नेतृत्व में गजेंद्र, ईशु, तेजेस्वर, वासु,पोखराज, जितेंद्र रमा,यशवंत,पप्पू,भोज, टीकाराम पटेल सरपंच तेंदुवाही, तीरथराम दीवान,गब्बर नेताम, मो.नबी व 25 लोगो ने भाजपा प्रवेश किया। जिस पर श्रीमती चौधरी व अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, मोती साहू , राकेश चंद्राकर, गणेश नायक, ललिता अग्रवाल, डॉ विमल चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, डॉ. सोमनाथ सिन्हा, सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, धीरेंद्र गिरी, बूथ अध्यक्ष राजू शुक्ला, महामंत्री चंद्रहास चंद्राकर, उपाध्यक्ष राकेश साहू, संपत पटेल, रूपलाल पटेल, धरम साहू, श्रीमती रूखमणी साहू, सरस्वती साहू, लाला राम साहू, जितेंद्र साहू, पवन यादव, रेखराज साहू, मोतीलाल ध्रुव, शोभू पाण्डे, लोकनाथ सेन, रामेश्वर गब्बर साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, लखन साहू सरपंच भावा, शिव साहू, नरेंद्र सिन्हा, नारायण साहू, जोहन निषाद, देवलाल साहू, भोजराम साहू के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

तबादले पर न्यायाधीशों को अधिवक्ताओं ने दी विदाई

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद।जिला न्यायलय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लीलाधर सारथी एवं अपर सत्र न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक का तबादला होने पर दोनों न्यायधीशों का विदाई समारोह आयोजित कर सह सम्मान विदाई दी गई।

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित इस सम्मान एवं विदाई कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश रामसजीवन देवांगन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कु. चित्रलेखा सोनवानी व मजिस्ट्रेट खुशबू जैन मौजूद रही। इस मौके पर समारोह को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा, प्रलय थिटे ने संबोधित करते हुए दोनों न्यायाधीशों का सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन सचिव नूतन कुमार साहू ने व आभार प्रदर्शन सलीम कुरैशी ने किया। इस मौके पर भारत कसार, राजेश तिवारी, विनोद शर्मा, भरत ठाकुर, प्रवीण झा, जनक साहू, नरेंद्र सिंह, सुधीर बर्मन, ओम शुक्ला, सुनील शर्मा, राजेश डडसेना, धरम भार्गव, सुरेश नसीने, ऋषि शर्मा, संजय गिरि, सुरेंद्र गिरि आदि उपस्थित थे।

बृजराज स्कूल में पुरस्कार वितरण

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। स्थानीय शा बृजराज अंग्रेजी माध्यम उच्च प्राथमिक शाला में विगत दिनों पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हेमेन्द्र आचार्य प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य एवं उपप्रचार्य चमन चंद्राकर, सुरेन्द्र चंद्राकर संकुल समन्वयक के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वति के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के पश्चात अतिथि स्वागत से किया गया। शाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियां जैसे निबंध लेखन, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषय पर आधारित मॉडल आदि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र एवं मेमेन्टो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वर्ष भर छात्रों का शैक्षिक, सामाजिक सहभागिता, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता के प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न वर्गों में अवार्ड भी दिया गया। जिससे छात्रों को और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन मिले तथा अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बने। शाला का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार स्टुडेट ऑफ द ईयर अवार्ड कक्षा 7 के छात्रा तृप्ती साहू को, एकेडमिक स्टार के लिए चैतन्य ध्रुव कक्षा 8 एवं पल्लवी साहू कक्षा 6, सोसल बटरफ्लाई अवार्ड आस्थारानी साहू कक्षा 8 को प्रदान किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने छात्रों को शुभकामना देते हुए अनुसाशित जीवन के लाभ बताए निरंतर आगे बढ़ते रहने की कामना की। संचालन शिक्षक नरेश साहू तथा आभार प्रदर्शन शिक्षिका सोनल साहू ने किया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षिका जमुना साहू, स्वाति चंद्राकर उपस्थित रहीं।

लोकसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

4 अप्रैल तक महासमुंद में जमा होंगे अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्र महासमुंद क्रमांक.09 में 26 अप्रैल को मतदान तथा 4 जून को मतगणना सम्पन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार आज 28 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई।

इसके साथ ही अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने व दाखिल करने का कार्य भी प्रारंभ हो गया। नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या उमेश कुमार साहू अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थियों या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा कक्ष क्रमांक 06, न्यायालय कलेक्टर जिला महासमुंद में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक प्राप्त व जमा किया जा सकता हैं। निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को की जायेगी।

अभ्यर्थिता ;नाम वापिस लेने की तिथि 8 अप्रैल है। आगामी 8 अप्रैल को ही रिटर्निंग अधिकारी महासमुंद द्वारा शेष रहे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिये जायेंगे। महासमुंद.09 में विधानसभा क्षेत्र 39.सरायपाली अजा 40.बसना, 41.खल्लारी, 42.महासमुंद एवं विधानसभा क्षेत्र 54.राजिम, 57.कुरूद, 58.धमतरी में मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रातः 07:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक होगा।

विधानसभा क्षेत्र 55 बिन्द्रानवागढ़ ;अजजा के 09 मतदान केन्द्र 75.कमारभौदी, 77.आमामोरा, 78.ओड़, 90.बड़े गोबरा, 114.गवरगांव, 118.गरीबा, 120.नागेश, 121.सहाबीनकछार एवं 122.कोदोमाली में प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक मतदान होगा तथा शेष मतदान केन्द्रों के लिए मतदान का समय प्रातः 07:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक रहेगा।

ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय परिवार ने मनाई होली

समवेत शिखर संवाददाता

महासमुंद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा में रंगों का पर्व होली हर्शोल्लास के साथ मनाया गया। ईश्वरीय परिवार सेवाकेंद्र में एकत्र होकर इस पर्व का आध्यात्मिक रहस्य जानकर अपने जीवन को दिव्य बनाने की प्रेरणा ली।

सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी प्रीति बहन ने सभी भाई बहनों को आत्म स्मृति का तिलक लगाते हुए होली की टोली प्रसाद खिलाकर होली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया। वास्तव में यह पर्व होलिका दहन से प्रारंभ होता है, यह पर्व हमें सिखाता है कि परमशक्ति परमपिता परमात्मा की याद की अग्नि होलिका दहन में अपने विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह अहंकार को जलाने के बाद आत्मा पूरी तरह शुद्ध हो जाती है। होली के रंग जैसा हमारे शान्ति आनन्द प्रेम सुख पवित्रता शक्ति ज्ञान हमारे ओरिजिनल प्राकृतिक आत्मिक गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं और यह पर्व होली हमारे जीवन को सदा के लिए सुख शांति से सम्पन्न बनाती है।

जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत दिव्यांगजन और तृतीय लिंग सम्मलेन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार आज समाज कल्याण विभाग सक्ती द्वारा जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंर्तगत जिले के उभयलिंग, दिव्यांग जन तथा वरिष्ठ नागरिकों को मतदान हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण कार्यालय जेठा में किया गया। जिसमें तृतीय लिंग सम्मेलन में अपने संवर्ग का शत प्रतिशत निष्पक्ष मतदान हेतु जागरूक करने की शपथ ली गई। श्रव्य बाधित दिव्यांगजनों द्वारा आदर्श मतदान हेतु चित्रों के माध्यम से जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया गया तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों द्वारा शतप्रतिशत मतदान करने तथा अपने मताधिकार के निष्पक्ष प्रयोग हेतु प्रेणात्मक उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी समाज कल्याण विभाग सुनील मिश्रा, परिवेक्षक अधिकारी सुरेश कुमार भारती सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी, समस्त उभयलिंग एवं वरिष्ठजन / दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

लोकसभा के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो (आई.ए.एस.) के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मास्टर ट्रेनर्स, सहायक प्रोग्रामर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इसके तहत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुरूप आगामी लोकसभा निर्वाचन में 85+ से अधिक उम्र, दिव्यांग मतदाता, अनिवार्य सेवा से जुड़े मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों एवं अन्य विशेष मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने की प्रक्रिया एवं समयसीमा अवधि का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण कुमार गभेल, सहायक प्रोग्रामर सोमेश घितोड़े सहित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

►► न्यूज ब्रीफ

धीरेंद्र ध्रुव घर से लापता

फिंगेश्वर। फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेलर निवासी धीरेंद्र ध्रुव जो तीन दिनों से घर मे किसी को बिना

सूचना दिए घर से लापता हो गया है, जिसकी सूचना परिजनों ने आसपास ग्रामो सहित थाना फिंगेश्वर में दे दिया है, बता से की धीरेंद्र ध्रुव बेलर के शिक्षक देवेंद्र ध्रुव के भाई हैं, देवेन्द्र ध्रुव ग्रामीणों के सहयोग से लगातार अपने भाई को आसपास के ग्राम सहित जंगलों में रात रात तक ढूंढ रहे हैं, ग्राम पंचायत बेलर के सरपंच पुत्र प्रवीण साहू भी लगातार आसपास के सरपंचों सहित फिंगेश्वर थाना से संपर्क में हैं, अतः आपसे भी यह अपील किया जाता हैं कि अगर आप धीरेंद्र ध्रुव को कही देखते हैं, या आपको कही मिल जाता हैं, तो इसकी सूचना तत्काल फिंगेश्वर थाना सहित उनके परिजनों तक बात जरूर पहुँचाये, क्योकि परिवार वाले बहुत ज्यादा परेशान हैं कि तीन दिनों से उनका भाई लापता घर से लापता हैं।

मतदाता रथ के माध्यम से दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक के मतदाताओं को मतदान दिवस को मिलेगी आने-जाने की निःशुल्क सुविधा

गरियाबंद। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रत्येक निर्वाचनों में मतदान दिवस को ÷दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों (80 प्लस) को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैइस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था की जायेगी। इस कार्य के वाहन को 'मतदाता रथ' नाम दिया गया है।

कहार भोई समाज का होली मिलन 30 को

कुरूद। छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज कुरूद राज का होली मिलन कार्यक्रम रंगपंचमी के दिन दिनांक 30 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे से वार्ड नंबर सात वृंदावन सरोवर स्थित भगवान नर्मदेश्वर मंदिर के पास रखा गया है।इस अवसर पर कुरूद राज के सभी सामाजिक बंधु आपस में मिलकर स्नेह , समरसता , समन्वय ,सहयोग और भाईचारे का रंग लगाकर सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए संगठन पर बल देंगे।समाज के अध्यक्ष सोहन कश्यप , सचिव-कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग और प्रचार-प्रसारक मुकेश कश्यप , कोमेश्वर नाग ने इस कार्यक्रम में कुरूद राज के सभी पदाधिकारियों,राज पंचों, बड़े-बुजुर्गों,महिला मंडल,युवा सदस्यों ,बच्चों सहित समस्त समाज जनों को सादर आमंत्रित किया है।

अवैध शराब के साथ कोविया गिरफ्तार

आरंग। आरंग पुलिस को 27 मार्च को मुखबीर द्वारा सूचना मिला की एक व्यक्ति भूरे रंग के पिट्ठू बैग में अवैध रूप

से शराब रखा हुआ ग्राम रानीसागर तिराहा के पास बस का इंतजार करते खड़ा है सूचना पर गवाहों के साथ प्रधान आरक्षक लालजी वर्मा एवं आरक्षक होरीलाल सोनकर द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम गगन वर्मा पिता सनत वर्मा उम्र 23 साल ग्राम कनकी थाना खरोरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया जिसके कब्जे में रखे बैग से कुल 35 पाव देसी मुदिरा मसाला शराब कीमती 3850 रु का मिला आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 15 दिनों के न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक लालजी वर्मा एवं आरक्षक होरीलाल सोनकर द्वारा की गई है।

मतदाता जागरूकता अंतर्गत पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुंचकर किया जा रहा है मतदान के लिए प्रेरित

सभी मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने दिलाई गई शपथ

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिलेवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।इसी कड़ी में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम बासिन एवं गुण्डरदेही में लोगों को पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुँचकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही पीला चावल भेंटकर आगामी 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र में जाकर वोट डालने के लिए आमंत्रित किया गया।साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए मताधिकार का उपयोग करने शपथ दिलाई गई।मतदाता जागरूकता के विशेष अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।साथ ही अपने मत का अवश्य उपयोग करने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी प्रेरित किया।इसी प्रकार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम आमदी, पंक्तियां, खरखरा, कसेकेरा, कनेसर, जाड़ापदर, साल्हेभांठा, बोड़राबांधा एवं पीपरछेड़ी, अतरमरा, द्वारतरा, लोहझर, डूमाघाट, बिरीघाट, देवरी, गोनबरा, छुरा, मोखागुड़ा, लोहारी, देवरी, गोनबरा, खड़मा, बोड़राबांधा, गिरसूल, बासीन, खरखरा, रानीपरतेवा, पीपरछेड़ी सहित जिले के विभिन्न

गांवों के ग्रामीणों एवं महिला समूहों के सदस्यों ने भी गांव के घरों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।साथ ही मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर एवं मतदाता जागरूकता से संबंधी स्टिकर चस्पा कर अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा पारा-मोहल्ला, हाट बाजार एवं घरों में पहुंचकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सुगम मतदान के लिए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।मतदान की समुचित व्यवस्था की जानकारी देते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लोगों से मतदान करने की अपील की गई।इस दौरान लोगों को बिना डर, भय एवं दबाव के निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

छुरा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जन को विद्यालय से जोड़ने और बच्चों के पोषण आहार में सामाजिक भागीदारी से मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता वृद्धि के लिए न्योता भोजन योजना चलाई जा रही है।इसी तारतम्य में छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर पर बसे वन्यग्राम-कनफाड-1 के प्राथमिक शाला-कनफाड 1 में न्योता भोजन का आयोजन शाला में मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता वैष्णव देवी स्व सहायता समूह के द्वारा किया गया।जिसके तहत बच्चों को पूड़ी, पापड़,सब्जी,चावल,दाल एवं मीठा परोसा गया।इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष भानोबाई, उपाध्यक्ष रजनीबाई,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष किशुनलाल नेताम, उपाध्यक्ष गौरसिंह नेताम,कुमारसाय सोरी,शिक्षक रीझे यादव, शिक्षिका श्रीमती नीतू कुंजाम उपस्थित रहीं।शाला परिवार ने न्योता भोजन के लिए संचालनकर्ता समूह को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कोलिहा में अखंण्ड नवधा रामायण प्रारंभ

भाटापारा। ग्राम कोलिहा मे अखंण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन प्रारंभ हो गया गांव मे यह 68 वां वार्षिक आयोजन है। उक्त कार्यक्रम मे आयोजनकर्ताओं द्वारा प्रत्येक मानस टोलियों को प्रोत्साहन राशि मानस गुटका श्री फल देकर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने सरपंच मनीषा मान्धाता साहू, भुनेश्वरी चम्पेश्वर साहू, उप सरपंच बेदराम पाल, समारू साहू, नरेंद्र पटेल, डोगेन्द्र प्रसाद शर्मा, भेखराम साहू, लेखराम पाल, समय लाल निषाद, भरतलाल पाल, उत्तरा साहू, कृष्ण सेन, सहदेव साहू, रामजग निषाद, सत्रुहन साहू, लालाराम सिन्हा व संतोष यादव सहित ग्रामीणजन जुटे हुए।

निपनिया में मारपीट व चाकू लहराने वाला पकड़ा गया

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। होलिका दहन के दौरान लोगों के बीच चाकू लहराकर दहशत पैदा करने एवं मारपीट करने वाले व्यक्ति को पकड़ने मे पुलिस को सफलता मिली है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार निपनिया गांव निवासी विक्की मानिकपुरी ने रिपोर्ट लिखाया कि पुरानी रंजिश को लेकर लाला साहू पीछे से आया और विक्की के गर्दन को पकड़कर सिर पर वार करते हुये गाली गलौज करने लगा साथ हीं किसी धारदार चाकूनुमा हथियार से पीठ मे वारकर जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से भाग खड़ा हुआ। उक्त घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुये घटना मे शामिल लाला साहू को पकड़कर घटना मे प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस की उक्त कार्यवाही मे किशन कुंभकार सहित पुलिस टीम के अन्य लोग शामिल थे।

पुलिस ने लाखों रुपए के अवैध महुआ शराब जब्त की

समवेत शिखर संवाददाता

आरंग। आरंग पुलिस को मुखबिर के सूचना पर लाखो रूपये के अवैध महुआ शराब पकड़ने मे सफलता प्राप्त कि है।

थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम चिखली महानदी के किनारे कुछ अज्ञात लोग महुआ से अवैध शराब बना रहे हैं की सूचना पर मय हमराह थाना स्टाफके शासकीय वाहन के मुखबिर के बताएं स्थान महानदी की ओर रवाना हुआ वहां गवाह के साथ मुखबिर के बताए जगह में जाकर घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब की रेड की कार्यवाही के लिए जैसे ही घटनास्थल हीरा नार नाला चिखली की ओर बढ़े ,पुलिस को आते देख अवैध रूप से शराब बनाने वाले अज्ञात व्यक्ति तीन चार लोग देखकर घटनास्थल से भाग गए घटना स्तर पर जाकर देखें तो

काफी मात्रा में महुआ ,महुआ से बना पास एवं अवैध शराब बनाने वाली सामग्री हांडी स्टील और मिट्टी के बर्तन शराब रखने का पीला एवं सफेद रंग के डालडा वाला डब्बा करीबन 9 नग नीला रंग का बड़ा जरकिन साथ 70 लीटर वाला 3 नग एवं 60 लीटर वाला 3नग ,तीन बड़ा ड्रम नीले रंग का 250 लीटर का जिसमें अलग-अलग महुआ शराब मात्रा करीबन 1365 बल्क लीटर महुआ शराब अवैध रूप से बनाते मिला जिसे जप्त किया गया।

1365 बल्क लीटर महुआ शराब की कीमत 204750 रुपए महुआ पास 150 किलो कीमती 6750 एवं 70 किलो कच्चा महुआ कीमत 6300 कुल जुमला 217800 रुपए गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

अवैध रूप से महुआ शराब बनाने वाले 3 ,4 अज्ञात व्यक्ति पुलिस को आते देखकर घटनास्थल हीरा नार नाला ग्राम चिकली महानदी के तट से फरार हो गए इसके संबंध में आसपास पता तलाश किया गया पर शाम रात होने का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गए। फरार तीन चार अज्ञात आरोपीयों का पता तलाश लगातार पुलिस थाना आरंग द्वारा ?की जा रही है।अपराध क्रमांक 299/24धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत अज्ञात आरोपीयो कि तलाश जारी है।

लोकतंत्र की यही पहचान शत-प्रतिशत हो मतदान: लहरे

समवेत शिखर संवाददाता

आरंग। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी कलेक्टर रायपुर गौरव कुमार सिंह व रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सबको प्रेरित करते हुए कहा कि ,*लोकतंत्र की यही पहचान , शत प्रतिशत हो मतदान* उन्होंने निष्पक्ष एवं प्रलोभन रहित मतदान की लोकतांत्रिक शपथ भी दिलाई और सभी ग्राम पंचायत के कर्मचारी गणों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर पर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करें, मुख्यतः उन्होंने मनरेगा के कार्य स्थल पर श्रमिक गणों को भी शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर मनरेगा के समस्त स्टाफ सभी ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं जनपद पंचायत आरंग के समस्त कर्मचारी अधिकारी गणों की उपस्थिति रही।

आकाश पल्सेस में चोरी करने वाला पकड़ा गया

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद ग्रामीण पुलिस ने चोरी के एक प्रकरण मे संलिप्त चोर को पकड़ने मे सफलता हासिल की है।

उक्त संबंध मे थानेदार अमित पाटले से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोखली स्थित अनिल किंगरानी के आकाश पल्सेस मे अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मिल के पिछले हिस्से से प्रवेश किया व वहां रखे चार सौ फीट सोलह एमएम कॉपर वायर तथा तीन नग मोटर को पार कर दिया था इस घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस टीम ने अथक मेहनत कर विभिन्न सूत्रो से जानकारी जुटाकर संदेह के आधार पर मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला निवासी रूपेन्द्र सिंग निवासी गोराटोला थाना बेनीबारी को पकड़कर पूछताछ शुरू की जिस पर रूपेन्द्र सिंग

पुलिस के सामने टूट गया व उक्त चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल करते हुये तीन नग मोटर व वायर को जब्त करवाया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तांबा वायर जिसकी कीमत 30 हजार रूपये उसे भी जब्त किया है।

कार में आग लगाने के आरोप में चार लोग दबोचे गए

समवेत शिखर संवाददाता

भाटापारा। शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मे होलिका दहन की रात्रि घर के बाहर खडे बलेनो चौपहिया वाहन मे आगजनी किये जाने की घटना का पर्दाफाश करने मे पुलिस को सफलता मिली है। उक्त संबंध मे पुलिस सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी अनिरूद्ध शर्मा अपनी ग्रे कलर की बलेनो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 2831 को खडी कर अपने निवास मे आराम फरमा रहे थे इसी दौरान रात्रि 12 बजे उसके पड़ोसी ने उसे जगाकर बताया कि उसके कार मे आग लग गई है जिस पर अनिरूद्ध शर्मा व पड़ोसी मिलकर आग बुझाने का प्रयास करने

लगे लेकिन आग की रफ्तार तेज थी फलस्वरूप बलेनो कार पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। उक्त घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को ध्यान मे रखते हुये तमाम बिंदुओ से जांच पड़ताल शुरू की साथ हीं कार मालिक अनिरूद्ध शर्मा से उसके पुराने किसी से झगडे के संबंध मे भी जानकारी ली इसके अलावा अनेक सीसी टीवी फूटेज को खंगालने के बाद पुलिस ने कार मे आग लगाने वाले तत्व तक पहुंचने मे सफलता हासिल की बताया जाता है ग्राम मोपका जिला बिलासपुर निवासी निलेश डिगसेना तथा ग्राम ढेलवाडीह थाना कटघोरा जिला कोरबा निवासी गौरव खूंटे को पकड़कर पूछताछ किया जिसमे पकड़े गये युवको ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण अनिरूद्ध शर्मा के कार मे आग लगाई गई है। पकडे गये युवको ने बताया कि एक लाल रंग की कार सीजी 10 बीसी 7186 मे सवार होकर निलेश डिगसेना, गौरव खूंटे, कमल गुप्ता एवं राहुल कर्ष पहुंचे व घटना को अंजाम देने के लिये चार मे से दो युवक राहुल कर्ष एवं कमल गुप्ता अनिरूद्ध शर्मा की बलेनो कार मे आग लगाने के काम को अंजाम देने लगे इस दौरान निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे अपने कार मे बैठकर निर्देश देते रहे घटना को अंजाम देने के बाद वे चारो अपने कार मे बैठकर भाग खडे हुये। पुलिस की सूक्ष्म विवेचना व सघन प्रयास से कार मे आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले चारो युवको के विरूद्ध धारा 435, 436, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

भीषण गर्मी में लू से बचाव एवं उसके उपाय के लिए आवश्यक सुझाव

'लू' में क्या करें और क्या ना करें

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्वि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है। जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।जिसे देखते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है।

जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण ÷लू लगने की संभावना बढ़ गई है।सूर्य की तेज गर्मी के दूष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है।जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है,जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है,इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों में जाकर महुआ संकलन का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं लेते इस कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गार्गी यदु पाल ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओ.आर.एस.की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है और मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण,कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अगर ओ.आर.एस.न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है।गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओ.आर.एस.और दवाईयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात् निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। ÷लू÷ लगना या हीट-स्ट्रोक,खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। लू के लक्षण-सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना,चक्कर और उल्टी आना,कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना,शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना,अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना,भूख न लगना व बेहोश होना।

लू से बचाव के उपाय-इसके लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये।धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले।पानी अधिक मात्रा में पिये।अधिक समय तक धूप में न रहे।गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे।अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिये।चक्कर,उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें।शीतल पेय जल पिये,फल का रस, लस्सी,मठा आदि का सेवन करें।प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले।उल्टी, सर दर्द,तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले। लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार-बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें,कच्चे आम का पना,जलजीरा आदि,पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें,शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें,पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें,आंगनबाड़ी मितानिन तथा ए.एन.एम.से ओ.आर.एस.की पैकेट के लिए संपर्क करें।

क्या करें-भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीये भले ही प्यास न लगे,मिर्गी या हृदय,गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है,उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे-लस्सी,नींबू का पानी,छाछ आदि का सेवन करें। क्या न करें-धूप में बाहर जाने से बचे,नंगे पाँव बाहर न जाए,दोपहर के समय खाना पकाने से बचे,शराब,चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे,ये शरीर को निर्जलित करते हैं।अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचे। सावधानियां-जितना हो सके घर के अंदर रहे,नमक, जीरा,प्याज का सलाद और कच्चे आम जैसे पारंपरिक उपचार हीट स्ट्रोक को रोक सकते हैं।बंद वाहन में बच्चे और पालतू जानवरों को अकेला न छोडे,पंखे और नम कपड़े का प्रयोग करे।डंडे पानी में स्नान करे।अपने घर या कार्यालय में आने वाले विक्रेताओं तथा सामान पहुंचाने वाले लोगों को पानी पिलाये और पेड़ लगाये,सूखी पत्तियों,कृषि अवशेषो तथा कचरें को न जलायें।

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी

4 अप्रैल तक कर सकेंगे नामांकन दाखिल

समवेत शिखर संवाददाता

गरियाबंद। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 9 में निर्वाचन के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र प्रभात मलिक ने कुल 8 विधानसभा क्षेत्रयुक्त महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की सूचना आज 28 मार्च को जारी की है। इसमें गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ शामिल है।इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।अभ्यर्थी कक्ष क्रमांक 6, न्यायालय कलेक्टर जिला कार्यालय महासमुंद में 4 अप्रैल 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकते है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा।नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरुवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है।नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वाह्न 10 बजे से होगी।नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है।मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी।मतों की गणना 4 जून 2024 को की जाएगी।अधिसूचना की प्रति जिले के सभी एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, उप तहसील, जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका कार्यालय सहित ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरूद, धमतरी में 26 अप्रैल को मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केन्द्रों कमारभौदी, आमामोरा, ओढ़, बड़ेगोबरा, गवरगांव, गरीबा, नागेश, सहाबीनकछार एवं कोदोमाली में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के शेष मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 4 जून 2024 को किया जायेगा।

न्यूज ब्रीफ

30 व 31 मार्च को बैंक खुले रहेंगे

भाटापारा। आगामी शनिवार व रविवार 30 व 31 मार्च को भाटापारा मे तमाम बैंको के ब्रांच खुले रहेंगे। रिजर्व बैंक के प्राप्त आदेश के अनुसार टैक्स पेयर्स व ग्राहको की सुविधा के लिये शनिवार व रविवार 30 व 31 मार्च को बैंक के पट खुले रहेंगे। इस दौरान उपभोक्ता सामान्य रूप से लेन देन कर सकेंगे। बैंक सूत्रो ने बताया है कि शुक्रवार को 29 मार्च को गुड फ्राईडे के कारण बैंक बंद रहेगा इस लिहाज से ग्राहको को सुविधा देने के उद्देश्य से बैंक अवकाश के दिन 30 व 31 मार्च को भी खुले रहेंगे वहीं एक अप्रेल को दोपहर 12 बजे तक हीं

जरहागांव में न्योता भोज का आयोजन

भाटापारा। ग्राम जरहागांव में स्थित प्राथमिक शाला मे न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमे हर्ष साहू, सीमा साहू, विरेन्द्र बंजारे, रामनारायण पटेल, मनीषा ठाकुर, अमृता अग्रवाल व विवेक कटकवार सहित गांव के सरपंच, मध्यान्ह भोजन रसाईया व स्कूल स्टाफ के लोग शामिल हुए।

गांजा बेचने वाली महिला पकड़ी गई

भाटापारा। पुलिस उच्चाधिकारियों के सख्त निर्देश के बाद असामाजिक गतिविधियों मे लिप्त तथा नशा के कारोबार मे लिप्त लोगों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान मे पुलिस गश्ती दल ने महासती मंदिर के पीछे महासती वार्ड मे दबिश देकर एक घर मे अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करते हुये सीता बाई खत्री नामक 74 वर्षीय वृद्ध महिला को पकड़ा है उसके कब्जे से 519 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 5 हजार रूपये है पुलिस ने सीता बाई के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गांजा बेचने वाली महिला को जेल दाखिल कर दिया है।

मध्यप्रदेश के 14 शहरों में पारा 40 के पार

भोपाल। मध्यप्रदेश में गुरुवार को गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। पूरा प्रदेश खूब तपा। दमोह सबसे गर्म रहा। यहां पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 14 शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर सीजन के सबसे गर्म रहे। भोपाल में 40.5 तो जबलपुर में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इंदौर में 39 डिग्री, ग्वालियर में 39.1 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। ट्रफलाइन भी मौजूद है। 29 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना है। इसके कारण शुक्रवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 29 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं।

आधा अधूरी सड़क बनी नागरिकों के लिए जी का जंजाल

एनएच43 का ठेकेदार लापता

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। जहां एक और छत्तीसगढ़ में बनी भाजपा की सरकार द्वारा सड़कों का जाल बिछाकर सड़कों को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ की सड़के का निर्माण कार्य बहुत ही जोर-शोर से बनाई जा रही है एवं ठेकेदारों पर जल्द गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के लिए नकेल कसी जा रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे करने के बाद भी जशपुर जिले की सड़क कछुआ चाल से बनाई जा रही है। लगता है एनएच 43 का ठेकेदार जैसे लापता हो गया है।

पत्थलगांव के शहर के पास स्थित पूरन तालाब से लेकर एसडीएम ऑफिस तक की सड़क, अंबिकापुर रोड पर प्रकाश स्कूल से लेकर बिस्कुट फैक्ट्री तक की सड़क जो कई सालों से अपनी जस की तस स्थिति में पड़ी हुई नजर आ रही है जहां भाजपा की सरकार बनते ही एक बार तो ठेकेदार ने शहर के समीप की सड़कों का निर्माण कार्य तेज गति से किया था, किंतु कुछ महीनो बाद ही ठेकेदार द्वारा पूरे शहर के नजदीक लगी सड़कों को खोदकर आधा अधूरा छोड़कर लापता हो चुका है । ठेकेदार एवं अधिकारी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए चैन की मुरली बजाने में व्यस्त नजर आ रहे हैं, जहां ना तो इन अधिकारी व ठेकेदारों को छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय का कोई डर है और ना ही यहां के शांत सरल, स्वभाव के नागरिकों का क्रोध का डर है ।

कुल मिलाकर पत्थलगांव के एनएच 43 का बुरा हाल नजर आ रहा है। सड़क बनाने वाला ठेकेदार आधा अधूरा सड़कों को खोदकर धूल और मौत की ओर धकेलने के लिए सड़कों को छोड़कर लापता हो चुका है। अब देखना यह है कि छत्तीसगढ़ के मुखिया के गृह जिले की सड़कों का यह हाल है तो छत्तीसगढ़ की अन्य जिलों की सड़कों का क्या हाल होगा। मुख्यमंत्री के गृह जिले की सड़कों की हालत को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है, जबकि मुख्यमंत्री के गृह जिले में मुख्यमंत्री का कई बार दौरा भी हो चुका है, लेकिन सड़कों का हाल जस का तस बना हुआ है।

लावारिस हालत में ट्रेन से मिला 6 लाख का गांजा

जनरल बोगी में बैग छोड़ फरार हुआ आरोपी

दुर्ग आरपीएफ को मिला 30 किलो गांजा

समवेत शिखर संवाददाता

दुर्ग-भिलाई। दुर्ग आरपीएफ की टीम ने ट्रेन से राजश्री के दो बड़े बैग में गांजे की एक खेप लावारिस हालत में बरामद की है। गांजे के साथ कोई भी तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लगा है। फिलहाल आरपीएफने जीआरपी को मामला सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार की शाम दुर्ग आरपीएफके प्रभारी एसके सिन्हा के पास एक सूचना आई। जिसमें पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में गांजे के खेप जाने की खबर मिली। प्रभारी सिन्हा ने तत्काल अपनी टीम को सक्रिय कर पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का इंतजार किया।

जैसे ही ट्रेन दुर्ग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 में पहुंची, तत्काल टीम ने जनरल बोगी में सर्चिंग शुरू की। पुरी-अहमदाबाद ट्रेन के नागपुर की ओर स्थित जनरल बोगी में दो राजश्री के बड़े बैग बरामद किए जिसमें 18 पैकेट में करीब 30 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। आरपीएफको गांजा लावारिस हालत में मिला है, कोई आरोपी हाथ नहीं लगा है।

दुर्ग आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसके सिन्हा ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि पुरी-अहमदाबाद की बोगी में दो बैग गांजा जा रहा है, जिस पर हमने टीम के साथ पहुंचकर कार्रवाई करते हुए गांजा जब्त कर जीआरपी को सुपुर्द किया है। आरोपी की पतासाजी चल रही है।

ट्रेन में 30 किलो गांजा ट्रेन में ऐसे ही ले जाना संभव नहीं हैं। अधिकारियों द्वारा ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि आरोपी दोनों बैग को जनरल बोगी में छोड़कर आसपास की ही बोगी में रहा होगा और आरपीएफकी टीम को देख सतर्क हो गया होगा। टीम की कार्रवाई के बाद मौका पाकर फरार हो गया होगा। फिलहाल आरोपी की तलाश आरपीएफ की टीम कर रही है।

प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम 30-31 मार्च को यलो अलर्ट

प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

समवेत शिखर न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 30 और 31 मार्च को यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी और बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, आज गुरुवार को छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र यानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार होने की संभावना है।

बुधवार को सबसे अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री दंतेवाड़ा में रिकॉर्ड किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने 30 और 31 मार्च को यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 मार्च को कोरिया, सूरजपुर, पेंड्रा, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, रायपुर, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव जिले में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

31 मार्च को सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर जिले में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि राजधानी रायपुर में आज मौसम साफरहेगा। अधिकतम तापमान 39 डिग्री और रात में पारा 25 डिग्री के आसपास रहेगा। जगदलपुर में बुधवार को दिन का तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, यहां अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं न्यूनतनम तापमान 22.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है।

बिलासपुर में दिन का तापमान औसत से 2 डिग्री कम रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया ।

सरगुजा में दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को सरगुजा में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था।

एसडीएम ने विभिन्न शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

नवापारा राजिम। अभनपुर के नवपदस्थ एसडीएम रवि सिंह ने आज नवापारा के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

एसडीएम सिंह आज सबसे पहले गोबरा नवापारा तहसील कार्यालय पहुंचे और वहां तहसील के कामकाज की जानकारी लेते हुए संबंधित कर्मचारियों-अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । साथ ही तहसील कार्यालय के पीछे बन रहे नये तहसील भवन का भी निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया । इसके बाद एसडीएम सिंह शासकीय आदर्श हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला पहुंचे, जहां चल रहे ओपन स्कूल परीक्षा का निरीक्षण करने के अलावा, आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान हेतु स्कूल में बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर, पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों के क्रियाकलाप का निरीक्षण कर सीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए । इस दौरान गोबरा नवापारा तहसीलदार सूरज बंछोर भी उपस्थित रहे ।

बैलाडीला के बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने 'स्ट्रांग कमिटमेंट टू एचआर एक्सिलेंस पुरस्कार प्राप्त किया

समवेत शिखर संवाददाता

बचेली/दंतेवाड़ा। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा बैलाडीला के बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स ने मुंबई में आयोजित 14वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार 2023-24 में स्ट्रॉन्ग कमिटमेंट टू एचआर एक्सिलेंस पुरस्कार प्राप्त किया।

बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स की ओर से यह पुरस्कार बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु एवं श्री धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि ने मानव संसाधन उत्कृष्टता के प्रति एनएमडीसी बचेली की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

तिल्दा पहुंचे कलेक्टर-एसएसपी, कोहका के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

चिचोली में पेयजल और स्कूल का लिए जायजा

ग्रामीण ने कलेक्टर से कहा-अब मिल रहा है घर में मिल रहा शुद्ध पेयजल

समवेत शिखर संवाददाता

खरोरा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और एसएसपी संतोष सिंह ने खरोरा तहसील में ग्राम चिचोली के जल-जीवन मिशन के योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निमित पानी टंकी जल आपूर्ति की जानकारी ली। उसके बाद ग्रामीण के घर पहुंचें और नल चलाकर पेयजल की आपूर्ति देखी। कलेक्टर के पूछने पर ग्रामीण ने बताया कि पहले हम पास के घर के पास स्थित सार्वजनिक नल से पानी लाते थे। अब जल-जीवन मिशन से नल कनेक्शन मिलने के बाद घर में शुद्ध पेयजल मिल रहा है, इससे बाहर से पानी लाने की समस्या का समाधान हो गया है।वही मिडिल स्कूल चिचोली में मध्यान भोजन का जायजा लेने बच्चो के साथ मध्यान भोजन किया। वही तिल्दा के ग्राम कोहका में बने चुनाव स्ट्रॉन्ग रूम का का निरीक्षण किया इस दौरान एसडीएम प्रकाश टण्डन, जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अपनी गलतियों पर पर्दा डालने वाले शिक्षकों की खुली पोल

शिक्षा विभाग के अधिकारी ने की उच्च अधिकारियों से शिकायत एवं कार्रवाई की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। कहावत है कि एक शिक्षक के जीवन में दो रंग होते हैं एक सफेद रंग (चाक) एवं दूसरा काला रंग (ब्लैक बोर्ड) उन्हें दोनों रंग से विद्यार्थी के जीवन को रंगों से भर देता है परंतु यहां ऐसे शिक्षकों की बात हो रही है जो क्रूरता, चरित्रहीनता, शराब सेवन एवं ब्लैकमेलिंग कर पैसा वसूलने के लिए माहिर है बात करते हैं सूर्य लाल साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला भालू खार विकासखंड पत्थलगांव एवं संजय मेहर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला खजूरघाट विकासखंड फरसाबहार में पदस्थ शिक्षकों की, जिन्होंने दिनांक 18/03/2024 को कलेक्टर को दिए गए आवेदन एवं वीडियो के तहत शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

इस संबंध में जब विकासखंड पत्थलगांव के शिक्षा विभाग के बी.आर.सी.सी. वेदानंद आर्य से बात की तो उन्होंने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला भालूखार का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया जिसमें शाला में बहुत से कमियां पाई गई जिसको लेकर दिनांक 28/02/2024 को सूर्य लाल साहू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था संबंधित शिक्षक द्वारा अपनी गलतियों को छुपाने एवं बी.आर.सी.सी. तथा शिक्षा विभाग को बदनाम करने के उद्देश्य से कूटनीति के तहत जानबूझकर बिना किसी पैसों के मांग के जबरन फसाने के लिए पैसा देने का प्रयास करते हुआ वीडियो बनाया गया जो की वीडियो में स्पष्ट है ब्लैकमेलर शिक्षकों द्वारा ब्लैकमेलिंग करते हुए ढाई लाख रुपए वीडियो को नष्ट करने के ऐवज में मांगा गया है पैसे नहीं देने पर वीडियो वायरल कर विभाग की छबि धूमिल करने की बात कही गई है जिसकी सूचना दिनांक 07/03/2024 को वेदानंद आर्य बी.आर.सी.सी. द्वारा लिखित में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव को दिया गया तथा थाना प्रभारी पत्थलगांव को 11/03/2024 को भी सूचना दिया गया एवं 12/03/2024 को संयुक्त संचालक सरगुजा,कलेक्टर जशपुर ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (नोडल अधिकारी शिक्षा विभाग) जशपुर, जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर, एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जशपुर को संबंधित ब्लैकमेलर शिक्षकों के द्वारा किए गए कृति की सूचना वीडियो एवं पैसे की मांग करते हुए ऑडियो को देते हुए कार्यवाही हेतु लिखित पत्र दे दिया गया है जिसकी कार्यवाही जारी है जिसके संबंध में दोनों ब्लैकमेलर शिक्षकों द्वारा 14 दिन पश्चात दिनांक 18/03/2024 को कार्यवाही के दर से कलेक्टर जशपुर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जशपुर को उनके द्वारा बढ़ा-चढाकर लिखित शिकायत किया गया है जो की निरर्थक है यदि उनके साथ सही में शोषण होता तो यह वीडियो चाहते तो 4.3. 2024 को बनाए गए वीडियो को 2 से 3 दिवस के अभी तक अधिकारियों को सूचित कर सकते थे लेकिन ब्लैक मिरर्स द्वारा ऐसा नहीं किया गया जो कि अपने आप में एक प्रश्न चिन्ह है एवं जांच का विषय है क्योंकि उन वीडियो के बदले मोटी रकम ब्लैकमेल कर वसूलना था पूर्व में जो दोनों शिक्षकों द्वारा कई बार इनके अनुकृति से विभाग की छवि धूमिल हो चुकी है संजय मेंहर पूर्व में अपने विघालय के छात्रों से छेड़छाड़ एवं अपने ही विघालय के रसोईया से भी छेड़छाड़ करने के मामले में निलंबित हो चुके हैं सूर्य लाल साहू भी अपने कृत्य के कारण दो बार निलंबित हो चुके हैं सूर्य लाल साहू एक बार फिर वीडियो भी सामने आया है जिसमें प्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल में जाने पर सूर्य लाल साहू द्वारा शराब का सेवन कर स्कूल समय में साला में होना पाया गया है संजय मेंहर प्रधान पाठक विकासखंड फरसाबाहर का शिक्षक होते हुए भी शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करते हुए शाला छोड़कर अन्य विकासखंड में जाकर विभाग की छवि एवं मुख्यमंत्री के जिले की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है संजय मेंहर ही इस पूरे साजिश का मास्टरमाइंड है जो कि स्वयं चरित्रहीन होकर समाज सेवक बना फिर रहा है।

अब देखना यह है कि अपनी गलतियों पर पर्दा डालने का घिनौना प्रयास करने वाले शिक्षकों पर क्या कार्रवाई होती है या यूं ही फिर इन शिक्षकों द्वारा अपनी गलती पर से पर्दा डालने की की गई साजिश में कामयाब हो पाते हैं या नहीं देखने वाली बात होगी?

लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने थाना तुमला के चौकी कोल्हेन झरिया का किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

पत्थलगांव। जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए तुमला थाना अंतर्गत चौकी कोल्हेनझरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया । पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा चौकी में पदस्थ कर्मचारियों को लोकसभा चुनाव के मददेनजर रखते हुए गाड़ियों का सघन चेकिंग करने के लिए निर्देश दिए साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही गई।

निरीक्षण के दौरान पत्थलगांव एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल भी मौजूद रहे। आगामी लोकसभा चुनाव के देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा कभी भी किसी भी थाने का एवं पुलिस चौकी का निरीक्षण करने की बात कही एवं चुनाव में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की बात कही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com